राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 190, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 24 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली- एनसीआर में घने कोहरे और ठंड के कारण येलो अलर्ट जारी .... पेज 03

भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस: सीएम योगी .... पेज 05

पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम की घोषणा .... पेज 07

## कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान

### वे दो बार बिहार के सीएम और एक बार डिप्टी सीएम रहे



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार में अपने समय के दिग्गज नेता रहे और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की। राष्ट्रपति भवन ने देर शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया है।

ठाकुर को उनकी 100 वीं जयंती से एक दिन पहले यह सम्मान देने की सरकार की घोषणा को लोकसभा चुनाव से पहले केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण तथा दूरगामी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जनता दूल यू ने श्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की मांग की थी और मोदी सरकार ने इस मांग को पूरा कर बड़ा दाव खेला है।

स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और जाने माने राजनीतिज्ञ श्री ठाकुर का जन्म 24 जनवरी को समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है में हुआ था।

उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक भी कहा जाता था।भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे।

वह 22 दिसंबर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे।

ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा को पिछड़े वर्ग के उत्थान में उनके जीवनभर के योगदान और सामाजिक न्याय की दिशा में उनके प्रयासों को श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है।

समस्तीपुर के पितौंझिया (अब कर्पूरी ग्राम) में 1904 में सिर्फ एक व्यक्ति मैट्रिक पास था। 1934 में 2 और 1940 में 5 लोग मैट्रिक पास हुए थे। इनमें एक कर्पूरी ठाकुर थे।




गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के दौरान यातायात प्रतिबंधों के बीच दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर भारी जाम देखने को मिला।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा : असम में बवाल, राहुल गांधी पर केस

### न्याय यात्रा को गुवाहाटी शहर में जाने से रोका जा रहा था



डिसपुर। राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को गुवाहाटी पहुंची, जिसे असम पुलिस ने रोक दिया। राहुल अपने काफिले के साथ गुवाहाटी शहर के बीच से गुजरना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद कांग्रेस समर्थक पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी।

घटना को लेकर राहुल ने कहा कि जिस रास्ते पर हमारी यात्रा को रोका गया है, उसी रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं, लेकिन हमने कानून नहीं तोड़ा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा, ऐसा बर्ताव असमिया कल्चर का हिस्सा नहीं है। ये नक्सली गतिविधियां हमारी संस्कृति से अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे राहुल गांधी के खिलाफ भीड़ को उकसाने के लिए एफआईआर दर्ज करें और कांग्रेस ने जो वीडियो पोस्ट किए हैं, उन्हें सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें। दरअसल, असम पुलिस ने वर्किंग डे का कारण बताकर न्याय यात्रा को शहर के अंदर ले जाने से मना किया था। पुलिस ने कहा था कि आज अगर न्याय यात्रा शहर में गई तो ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाएगी, इसलिए प्रशासन ने रैली को नेशनल हाईवे पर जाने का निर्देश दिया है।

### गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही



10वें दिन की यात्रा की शुरुआत राहुल गांधी ने असम-मेघालय सीमा पर युवाओं से बातचीत करके की। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। लेकिन, देश के गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री को फोन किया और फिर असम के मुख्यमंत्री ने आपकी यूनिवर्सिटी के लीडर्स को फोन करके कहा कि राहुल गांधी को स्टूडेंट्स से बात न करने दी जाए। ये बेहद जरूरी है कि आप जिसे सुनना चाहते हैं, उसे सुनने की आपको इजाजत दी जाए। उन्होंने कहा कि आपसे कहा जा रहा है कि आपको आंखें बंद करके आरएसएस और इस देश की सरकार की बातें माननी है। आपको कहा जा रहा है कि आपके पास कल्पनाशक्ति नहीं होनी चाहिए।

## म्यांमार का सैन्य विमान मिजोरम में दुर्घटनाग्रस्त

एजल। म्यांमार का एक सैन्य विमान मंगलवार को मिजोरम की राजधानी एजल के बाहरी इलाके में स्थित लेंगपुई हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। इस विमान से म्यांमार से भागकर मिजोरम आए सैनिकों को वापस ले जाना था। ये सैनिक विद्रोहियों द्वारा उनके शिविर पर कब्जा किए जाने के बाद भागकर भारतीय सीमा में आ गए थे और मौजूदा समय में मिजोरम में शरण लिए हुए हैं।



अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुयी है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि बुधवार को लेंगपुई हवाई अड्डे पर उड़ानें सामान्य रूप से फिर से शुरू हो जाएंगी।

## मोदी जोड़ेंगे, रेलवे के पूर्वी एवं पश्चिमी मालवहन गलियारों को

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) के पूर्वी एवं पश्चिमी गलियारों को जोड़ने वाले 173 किलोमीटर न्यू खुर्जा - न्यू रेवाड़ी खंड को राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिससे बिहार एवं उत्तर प्रदेश से मुंबई जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट एवं गुजरात के बंदरगाहों तक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित हो जाएगी।

राष्ट्रीय राजधानी प्रक्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में न्यू रेवाड़ी जंक्शन पर 25 जनवरी को आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी डीएफसी के इस महत्वपूर्ण खंड



पर मालगाड़ी को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे जो विभिन्न भू-भागों से होता हुआ, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर और गौतम बुद्ध नगर को, हरियाणा के फरीदाबाद, पलवल, गुड़गाँव, मेवात और रेवाड़ी से और राजस्थान के अलवर से जोड़ता है।

### अयोध्या राममंदिर में पहले ही दिन टूटा रिकॉर्ड

## रामलला का दर्शन करने 5 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

अयोध्या। अयोध्या में जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार से आम लोगों के लिए कपाट खोल दिए गए। देर रात से ही रामलला का दर्शन का इंतजार कर रहे लोगों ने पिछले ही साल रामनवमी पर बने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रामनवमी को यहां डेढ़ लाख भक्त पहुंचे थे। मंगलवार को पांच लाख से



ज्यादा ने रामलला का दर्शन किया। दोपहर तक ही तीन लाख भक्त मंदिर में रामलला के दर्शन कर चुके थे। यह संख्या एक दिन में दर्शन के मामले में यूपी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बाद सबसे अधिक है। देश में केवल उज्जैन के महाकाल मंदिर में इससे ज्यादा लोग एक दिन में पहुंचे हैं।

अन्य प्रसिद्ध मंदिरों तिरुपति बालाजी, वैष्णो देवी और शिरडी के साईं मंदिर में भी कभी एक दिन में इतने श्रद्धालु नहीं पहुंचे हैं।

अयोध्या में पहुंचे पांच लाख लोगों से ज्यादा यूपी में केवल काशी विश्वनाथ मंदिर में ही श्रद्धालु पहुंचे हैं।

## देश में नए कोविड लहर के बीच तीन संक्रमितों की मौत

नई दिल्ली। देश में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 236 नए मामले दर्ज किए गए हैं। नए मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय संक्रमितों की कुल संख्या 2,031 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बीते दिन तीन मरीजों की मौत दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि इनमें एक मरीज की मौत कर्नाटक से दर्ज की गई और पश्चिम बंगाल में दो मरीजों की मौत हुई।

### कोविड के मामले में बढ़ोतरी

बता दें कि पांच दिसंबर, 2023 तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई थी, लेकिन कोविड के नए वेरिएंट जेएन.1 मिलने से इसके मामले में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक, कोविड संक्रमित मरीजों में करीब 92 प्रतिशत मरीज घर पर रहकर ही ठीक रहे हैं। उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

### अब तक कितने लोग हुए हैं संक्रमित?

भारत में कोविड-19 शुरू होने के बाद से अब तक साढ़े चार करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं, संक्रमण के कारण देश भर में 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही अब तक 4.4 करोड़ से अधिक कोविड संक्रमित लोग ठीक हुए हैं। जानकारी के अनुसार, देश में अब तक कोविड टीकों की 220.67 करोड़ डोज लगाई जा चुकी हैं।

## बजट सत्र : संसद भवन की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात

नई दिल्ली। 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी और उसके बाद सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दी गई थी।

13 दिसंबर को संसद में कुछ लोगों ने घुसकर वहां कलर स्मोक छोड़ दिया था। सूत्रों ने बताया कि सीआईएसएफ के 140 कर्मियों ने सोमवार को संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया। वे आगंतुकों और उनके



सामान की तलाशी लेंगे तथा भवन की सुरक्षा का जिम्मा भी संभालेंगे।

उन्होंने बताया कि यह दल वहां पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का जायजा ले रहा है ताकि 31 जनवरी से अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए तैयार हो सके। सीआईएसएफ को नए और पुराने संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा दिया जाएगा। वहां हवाई अड्डे जैसी सुरक्षा व्यवस्था होगी। व्यक्ति और सामान की जांच एक्स-रे मशीन व मेटल डिटेक्टर से होगी। जूतों, भारी जैकेट और बेल्ट को एक ट्रे में रखकर उनकी एक्स-रे मशीने से जांच करने का भी प्रविधान है।

### सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ टुकड़ी का प्रमुख होगा

सूत्रों ने बताया कि बल का एक सहायक कमांडेंट (एसी) रैंक का अधिकारी इस सीआईएसएफ टुकड़ी का प्रमुख होगा।

इसमें अग्निशमन विंग के 36 कर्मी भी होंगे। सीआईएसएफ में करीब 1.70 लाख कर्मी हैं और यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। इसके पास देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों के अलावा एयरोस्पेस और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का भी जिम्मा है।

### मुंबई के मीरा रोड पर बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया

मुंबई। मुंबई के मीरा रोड के नया नगर इलाके में मंगलवार को अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। यहां 22 जनवरी को राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह पर पथराव किया गया था। महाराष्ट्र सरकार के निर्देश के बाद यहां कार्रवाई की। मीरा भयंदर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच रविवार रात करीब साढ़े दस बजे नया नगर इलाके में एक वाहन रैली के दौरान झड़प हुई। जिसमें तीन कारों में सवार 10-12 लोग भगवान राम के जयकारे लगा रहे थे। बाद में उनमें से कुछ लोगों ने सड़क पर पटाखे फोड़े। तभी एक समूह अपने घर से बाहर आया और रैली में भाग लेने वालों को लाठियों से पीटा और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की। मीरा रोड में हिंसा को लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस बोले- नयानगर में जो कुछ हुआ, उसकी पूरी जानकारी मैंने कल रात ही ले ली थी।

## एफटीआईआई में हिंदूवादी संगठन ने छात्रों को पीटा

पुणे/ दिल्ली। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिल्ली और पुणे में बाबरी मस्जिद के समर्थन में पोस्टर और बैनर लगाने का मामला सामने आया है। पुणे में मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कैंपस के अंदर घुसकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मारपीट की। इसमें 4 छात्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल कैंपस के गेट पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल, एफटीआईआइ में छात्र संगठनों ने एक बैनर लहराया, जिसमें लिखा था- रिमेंबर बाबरी, डेथ ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन। इसकी जानकारी हिंदुत्ववादी संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं को हुई और उन्होंने कैंपस में घुसकर बोर्ड लगाने वाले छात्रों की पिटाई कर दी। फिलहाल परिसर से बाबरी मस्जिद का जिक्र करने वाला बैनर हटा दिया गया है। उधर, दिल्ली की जामिया यूनिवर्सिटी में सोमवार को जस्टिस फॉर बाबरी जैसे नारे लगाए गए। इसको लेकर पुलिस ने कहा कि कैंपस के अंदर की घटना है।

## 'निर्वाचन तंत्र को 16 अप्रैल के आसपास लोकसभा चुनाव तैयार रहने का परामर्श'

नयी दिल्ली। राज्यों में जिला स्तरीय चुनाव मशीनरी को आम चुनाव कराने को तैयार रहने के लिये कह दिया गया है और संबंधित अधिकारियों को यह मानकर तैयारी करने को कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 16 अप्रैल के आसपास कराये जा सकते हैं।

यह बात दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अंतर्गत आने वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को 19 जनवरी को भेजे गये एक परिपत्र से सामने आयी है। परिपत्र में अधिकारियों को 16 अप्रैल को चुनाव की तिथि मानकर तैयार रहने को कहा गया है।

इस परिपत्र के जारी होने के बाद चुनाव की तिथियों को लेकर अटकलें




लगने लगीं थी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने इस संबंध में मंगलवार को जारी स्पष्टीकरण में कहा है कि इस वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव मशीनरी को तमाम कार्यों की योजना बनानी है और उसे समय रहते पूरा करना है। स्पष्टीकरण में कहा गया है कि भारत के चुनाव आयोग की मतदान योजना में इन तैयारियों की बाकायदा सूची होती है और इन्हें पूरा करने के लिये इस सूची में तैयारी शुरू करने और तैयारी खत्म करने का समय दिया गया होता है और इसके लिये एक 'काल्पनिक निर्वाचन तिथि' सुझायी जाती है। चुनाव मशीनरी को उस तिथि को ध्यान में रखते हुये उसे चुनाव तैयारियों की योजना बनाना और उसे समय से पूरा करना होता है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि चूंकि चुनाव की सारी तैयारियां जिला निर्वाचन/ जिला मतदान अधिकारियों को करना होता है, इसलिये उन्हें चुनाव की तैयारियों के लिये 19 जनवरी के परिपत्र में निर्वाचन की तिथि 16 अप्रैल सुझायी गयी है।

### सर्दी का सितम

### एमपी के 8 शहरों में तापमान 5 के नीचे पहुंचा; 15 राज्यों में कोहरा, कई फ्लाइट्स-ट्रेनें लेट

## राजस्थान समेत चार राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। उत्तर-पश्चिम से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड का असर बरकरार है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में आज शीत लहर का अलर्ट है। इन राज्यों में बीते दो दिनों से तापमान 3-7 के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी देखने को मिलेगी। इससे उत्तर भारत के राज्यों में ठिठुरन बढ़ेगी।

मध्य भारत के राज्यों में उत्तर भारत से ज्यादा सर्दी देखने को मिल रही है। एमपी के 5 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। दतिया में सबसे कम 2.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजस्थान के फतेहपुर में तापमान 1.6 डिग्री पहुंच गया है।

उधर, देश के 15 राज्यों की दिन की शुरुआत सुबह घने कोहरे के साथ हुई। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और नॉर्थ के 4 राज्यों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी प्रभावित हुई। क्क के आगरा में आज सुबह विजिबिलिटी जीरो थी। वहीं, वाराणसी-प्रयागराज में 25 मीटर और राजधानी दिल्ली में 50 मीटर से दूर देखना मुश्किल हो रहा था।



घने कोहरे के कारण दिल्ली में कई फ्लाइट्स समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। वहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रही 28 ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर दिल्ली नहीं पहुंच सकीं। इससे यात्रियों को घंटों एयरपोर्ट और स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा।

दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारत की तुलना में ठंड कम देखने को नहीं मिल रही है। लेकिन यहां बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र के विदर्भ, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी आज हल्की बरसात हो सकती है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

**सर्दी:** भारतीय मौसम विभाग और प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर भारत और मध्य भारत के राज्यों में ठंड का असर बरकरार रहेगा। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में कोल्ड वेव चलेगी। इन राज्यों में कल कोल्ड डे की स्थिति भी बन सकती है।

**कोहरा:** स्काईमेट के मुताबिक, कोहरे की स्थिति उत्तर भारत के राज्यों में बरकरार रहेगी। इससे विजिबिलिटी पर फर्क पड़ेगा। फ्लाइट्स और ट्रेनें कल भी प्रभावित हो सकती हैं।

**बारिश:** अगले 24 घंटे में आंध्र प्रदेश, केरल, लक्षद्वीप, सिक्किम , छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के विदर्भ में बरसात की संभावना है।

## शार्ट न्यूज

### सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित होंगे उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड हॉस्पिटल

नई दिल्ली। (पी एम ए) सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड हॉस्पिटल सम्मानित होंगे। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है, जिसे विभिन्न वैश्विक आपात स्थितियों में असाधारण सेवा के लिए मान्यता प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आपदा के क्षेत्र में देश में व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए इस वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इसे सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के रूप में जाना जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस पुरस्कार में 51 लाख रुपये नकद और प्रमाणपत्र और 5 लाख रुपये व्यक्ति के मामले में और प्रमाणपत्र दिया जाता है। इस वर्ष 2024 के पुरस्कार के लिए एक जुलाई 2023 से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए। इनमें से 245 नामांकनों का चयन कर मूल्यांकन किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश ने आपदा प्रबंधन प्रथाओं, तैयारियों, शमन और प्रतिक्रिया तंत्र में उल्लेखनीय सुधार किया है। जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हताहतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

### फर्जी आईएफएस अधिकारी महिला सहित छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में जिला उपायुक्त घनश्याम थोरी ने अमृतसर के सब रजिस्ट्रार-3 कार्यालय में अपने आप को आईएफएस अधिकारी बता कर जमीन का फर्जी पंजीकरण करवाने वाली महिला पर प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। इसके साथ ही उन्होंने एफसीआर को संबंधित उप रजिस्ट्रार की भूमिका के संबंध में जांच करने के लिए पत्र लिखा गया है। उपायुक्त ने इस मामले से संबंधित विभाग के कर्मचारी गुरधीर को निलंबित कर दिया है और आरोप पत्र दायर किया है। थोरी ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त को लिखे एक लिखित पत्र में कहा कि सुधा भंडारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया गया था कि उनकी पुत्री रचिता भंडारी की संपत्ति, जो गांव हेर, जिला अमृतसर में स्थित है, पर अनधिकृत पार्टी द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जब इस मामले की जांच उपमंडल मजिस्ट्रेट अमृतसर-2 द्वारा की गयी तो पाया गया कि संबंधित पक्षों द्वारा पंजीकरण अधिनियम 1908 का उल्लंघन करते हुये 40 पंजीकरण किये गये हैं। जांच में पता चला कि खरीदार शेर सिंह, अज्ञात विक्रेता, वसीका नवीस, अश्वनी कुमार, गवाह नंबरदार रूपिंदर कौर, गवाह जेम्स हंस, कोर्ट परिसर में काम करने वाले निजी कर्मचारी नारायण सिंह उर्फ शेरा को दोषी पाया गया है। जिनके विरुद्ध रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 एवं आई.पी.सी. एक्ट के तहत जुर्माने के साथ प्राथमिकी दर्ज की जाये।

### वाईएसआरसीपी सांसद कृष्णदेवरायलु ने सांसद पद से इस्तीफा दिया, पार्टी छोड़ी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को मंगलवार को उस समय बड़ा झटका लगा, जब नरसारावपेट लोकसभा सीट से पार्टी के सांसद लावु कृष्णदेवरायलु ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी। कृष्णदेवरायलु ने नरसारावपेट में मीडिया से कहा कि उन्होंने वाईएसआरसीपी छोड़ दी है। सांसद ने कहा कि उन्होंने अपने पद और वाईएसआरसीपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है। पिछले कुछ समय से सत्तारूढ़ दल में चल रही कुछ प्रतिकूल राजनीतिक परिस्थितियों के कारण उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी भी छोड़ दी है। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी में अनिश्चितता व्याप्त है और वह इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। वाईएसआरसीपी में राजनीतिक बदलाव के कारण कार्यकर्ताओं को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। श्री कृष्णदेवरायलु ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेतृत्व उन्हें टिकट देने से इनकार करके नरसारावपेट लोकसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव में एक नया उम्मीदवार खड़ा करना चाहता था। सांसद ने कहा कि उन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान नरसारावपेट लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए कड़ी मेहनत की है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी युवक को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रतिमा परिहार की अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के जुर्म में सिंहवाड़ा थाना के लोड़िका गांव के राजा सहनी के पुत्र केदार सहनी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़िता के राहत एवं पुनर्वास के लिए छह लाख रुपये का प्रतिकर अनुदान भुगतान करने का आदेश भी दिया है। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक विजय कुमार पारिजात ने बताया कि न्यायालय ने भारतीय दण्ड विधान संहिता की धारा छह पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष की सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदण्ड, 376 (2) में 10 वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदण्ड और धारा 4, पोक्सो एक्ट में 10 वर्ष की सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। श्री पारिजात ने बताया कि वर्ष 2020 के जनवरी में लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया था। घटना की प्राथमिकी महिला थाना में दर्ज की गई। नाबालिग लड़की की पेट से जन्म लिये मृत शिशु का खुलासा डी एन ए जांच से किया गया कि वह अभियुक्त केदार सहनी ही है।

### विधानसभा में कांग्रेस सदस्यों ने किया बहिर्गमन

जयपुर। राजस्थान की नवगठित सोलहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र के दूसरे दिन मंगलवार की कार्यवाही हंगामेदार रही और इस दौरान कांग्रेस सदस्यों ने राजीव गांधी युवा मित्रों को हटाने के मामले को लेकर सदन का बहिर्गमन भी किया। शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत कांग्रेस सदस्य रोहित बोहरा ने राजीव युवा मित्रों को हटा देने का मामला उठाते हुए सरकार से इस संबंध में अपना फैसला वापस लेने की मांग की। इस दौरान श्री बोहरा एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के बीच नोंकझोंक हुई और सदन में हंगामा हुआ। बीएपी के राजकुमार रोत ने भी यह मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर विपक्ष के सदस्य सरकार से जवाब लेना चाहा। इस दौरान विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मांग करते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा हैं और इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए और इस पर जवाब देना चाहिए लेकिन सरकार की तरफ से इस पर कोई जवाब नहीं आने पर कांग्रेस के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। इससे पहले सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरु होने पर पहले ही प्रश्न के दौरान भी हंगामा शुरु हो गया। इस दौरान पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोकझोंक एवं शोरगुल हुआ और विपक्ष कांग्रेस सदस्यों एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के सदस्य हनुमान बेनीवाल ने वेल में आकर पेपरलीक से जुड़े प्रश्न का जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी कर हंगामा किया।

### कांग्रेस ने किया मौन सत्याग्रह

अजमेर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम के उत्तरी लखीमपुर में हमले के विरोध में राज्यव्यापी मौन सत्याग्रह के तहत राजस्थान के अजमेर में भी मौन सत्याग्रह आयोजित किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्टेशन रोड गांधी भवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति के नीचे दिये गये धरने में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हिस्सा लिया। मसूदा के पूर्व विधायक राकेश पारीक ने तीखा प्रहार करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धर्म की ठेकेदार बनी हुई है, ईश्वर इन्हें सद्बुद्धि दे। कांग्रेस सभी धर्मों-जातियों को साथ लेकर चलती है लेकिन भाजपा की एकतरफा मुहिम देश को बांट रही है। प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा कि गांधी की यात्रा पर हमला और गाड़ियों के कांच आदि तोड़ना लोकतंत्र की हत्या है। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा जितना गांधी के रास्ते की बाधा बनेगी, गांधी और कांग्रेस उतनी मजबूत ही होगी। अजमेर शहर अध्यक्ष विजय जैन ने हमले की कठोर शब्दों में निन्दा करते हुये कहा कि देश की जनता समझ रही है। न्याय यात्रा पर हमले से विरोधियों के मंसूबे पूरे नहीं होंगे।

# तालाबंदी के बाद प्राधिकरण की लगाई परिक्रमा

## किसान बोले- जब तक मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक धरना जारी रहेगा

नोएडा। भारतीय किसान परिषद के देखरेख में किसानों का धरना आज 43वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति, युवा व बुजुर्गों ने प्राधिकरण के तीनों गेटों को घेर लिया। प्राधिकरण के अंदर किसी को जाने नहीं दिया गया। इस दौरान यहां आने वाले लोगों को वापस बैरंग होकर जाना पड़ा। बता दे 18 जनवरी को किसानों ने मांगों को लेकर प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। ये अब तक जारी है। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्राधिकरण की तालाबंदी नहीं खुलेगी। कल मटकी फोड़ आंदोलन किया



जाएगा। इससे पहले आज तालाबंदी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण के चारो ओर परिक्रमा की। इय दौरान प्राधिकरण विरोधी जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही अधिकारियों को याद दिलाया गया कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता हम यहां से हटने वाले नहीं है।

### दो बजे फोड़ा जाएगा मटका

सुखबीर ख़लीफ़ा ने बताया कि 24 जनवरी यानी बुधवार को 105 गांवों के किसान स्पाइस मॉल पर एकत्रित होंगे। यहां से पैदल मार्च करेंगे और एनटीपीसी की अंत्येष्टि यात्रा निकालकर दोपहर करीब दो बजे मटकी फोड़ेंगे।

इस दौरान हजारों की संख्या मे किसान मौजूद रहेगा।

### किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए।

किसानों की आबादी का पूर्ण निपटारा कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए।

आबादी विनियमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए।

ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए।

5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए।

नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भूलेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्यपाली किया जाए।

गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

### भोपाल में गोविन्दपुरा क्षेत्र की सड़कों का निर्माण शीघ्र

भोपाल। मध्यप्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। मंत्री गौर ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मंत्रालय में भेंट कर गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की स्वीकृत और निर्माणाधीन सड़कों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। सिंह ने राज्य मंत्री गौर के प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिये। गौर ने प्रस्ताव में आशिमा मॉल से बाबड़िया कला चौराहा तक रेलवे ओवर ब्रीज का निर्माण के संबंध में प्रस्ताव देते हुए बताया कि परियोजना का डीपीआर मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र कार्यालय से प्रमुख अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग को प्रशासकीय स्वीकृति के लिये भेजा गया है।

## टैक्सी ऑपरेटरों का सरकार के खिलाफ़ प्रदर्शन

शिमला। हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट विभाग के फैसले का विरोध करते हुए टैक्सी चालकों ने मंगलवार को शिमला में आरटीओ कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और टैक्स बढ़ोतरी के निर्णय को वापस लेने की मांग की है। मोटर व्हीकल टैक्स एक्ट 1972 के तहत हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा गाड़ियों के टैक्स की रिवाइज्ड कैटेगरी को 31 अक्टूबर 2023 को अधिसूचित किया गया जिसे एक नवंबर 2023 को राजपत्र में भी प्रकाशित किया गया था। शिमला टैक्सी ऑपरेटर ने ट्रांसपोर्ट विभाग पर स्पेशल रोड टैक्स में छह गुणा बढ़ाने के आरोप लगाए हैं। शिमला में ऑल हिमाचल कमर्शियल व्हीकल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि सरकार ने रोड टैक्स को लेकर जो रिवाइज्ड अधिसूचना जारी की है। उसके मुताबिक टैक्सी के स्पेशल रोड टैक्स को 1350 से बढ़ाकर सीधा 8000 कर दिया है, जिससे टैक्सी ऑपरेटर को खासा नुकसान हो रहा है। पहले ही हिमाचल प्रदेश में पर्यटन कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश के भीतर टैक्सी चलाने वालों पर भारी भरकम टैक्स लगा रही है, जबकि बाहरी गाड़ियों में सरकार ने छूट दे रखी है। ऐसे में अगर सरकार ने स्पेशल रोड टैक्स में की गई बढ़ोतरी के निर्णय को वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में टैक्सी चालक गाड़ियों की चाबियां आरटीओ दफ्तर में जमा करेंगे और चक्का जाम करने को मजबूर होगें।

वहीं, टैक्सी ऑपरेटर के विरोध को लेकर ट्रांसपोर्ट विभाग के निदेशक ने कहा कि सरकार ने किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया है। टैक्सी ऑपरेटरों को किसी बात का कन्फ्यूजन हुआ है। ट्रांसपोर्ट विभाग ने रोड टैक्स को लेकर रिवाइज्ड अधिसूचना जारी की है जो इससे पहले 2006 में प्रकाशित किया गया था, लेकिन इसमें दो कैटेगरी कॉन्ट्रैक्ट कैरिज अंडर एग्रीमेंट इन हिमाचल और वैनिटी वैन छूट गई थी, जिन्हें टैक्स में सम्मिलित करके नवम्बर 2023 में अधिसूचित किया गया है जिसमें किसी भी प्रकार के टैक्स की बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मुजफ्फर हुसैन को मातृशोक

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं शुल्क निर्धारण समिति के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति मुजफ्फर हुसैन अत्तर की मां राजा बेगम का श्रीनगर में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से छोटी-मोटी बीमारियों से पीड़ित थीं और रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीनगर के पंथा चौक स्थित नाज कॉलोनी में उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बाद में उनके शव को दफनाने के लिए उसके पैतृक गृह नगर कादीपोरा अनंतनाग ले जाया गया। परिवार के अनुसार, बुधवार सुबह नौ बजे उनकी कब्र पर फातिहा ख्वानी की रस्म अदा की जाएगी, जबकि अपराह्न में उनके निवास स्थान पंथा चौक पर एक विशेष धार्मिक बैठक आयोजित की जाएगी। प्रसिद्ध कानूनी विशेषज्ञों, न्यायाधीशों तथा न्यायपालिका के कर्मचारियों, धार्मिक और सामाजिक हस्तियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की है।

## लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

### तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता, 18 से 19 आयु के 17310 नए मतदाता शामिल

नोएडा। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के निर्वाचन को लेकर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का विशेष अभियान 27 अक्टूबर 2023 से शुरू होकर 23 जनवरी 2024 को समाप्त हुआ है।

जिलाधिकारी ने प्रेस चर्चा में बताया कि जिले की तीनों विधानसभा 61-नोएडा, 62-दादरी एवं 63- जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान पुनरीक्षण में फॉर्म-6 से कुल 15,1071 आवेदनों को जोड़ा गया। मतदाता सूची में से फॉर्म-7 के माध्यम से कुल 74100 आवेदनों में से हटाया गया। इस दौरान कुल 53,441 आवेदनों में से नाम का संशोधन किया गया।

मतदाता सूची के प्रकाशन के समय 18-19 आयु वर्ग के मतदाता की संख्या 6913 थी, जो बढ़कर 24223 हो गयी है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 17310, 18-19 आयु वर्ग के मतदाता का पंजीकरण हुआ है जो लगभग 4



गुना है। जनपद में जेंडर रेश्यो 804 था जो वर्तमान में 816 हो गया है। वर्तमान में तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता हो गये हैं, जिसमें 10,08,345 पुरुष और 8,22,519 महिला और 102 उभयलिंगी शामिल हुए हैं।

पिछले लोक सभा चुनाव के दौरान कुल 15 लाख 37 हजार मतदाता थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व 49183 तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 27635 कुल 76818 मतदाता पहचान पत्र मुद्रित होकर प्राप्त हुए है, जिनके वितरण की कार्यवाही डाक विभाग के माध्यम से की जा रही। मतदाता की सुविधा हेतु 61-नोएडा विधान सभा में 17 तथा बहुमंजिला भवनों में 18 कुल 35 तथा 62-दादरी विधान सभा में सामान्य क्षेत्र में 49 तथा बहुमंजिलीय भवनों में 20 कुल 69 मत देय स्थल बनाये गये है। इस प्रकार संभाजन के दौरान 61 नोएडा में 39 मतदान केन्द्र तथा 35 मत देय स्थल 62-दादरी में 37 मतदान केन्द्र तथा 69 मत देय स्थल एवं 63- जेवर में 1 मतदान केन्द्र तथा 3 मत देय स्थल बढ़ाये गये हैं।

## 1048 बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता साफ

### कुल बकाया का 25 प्रतिशत करेंगे जमा, बाकी बिल्डरों की सहमति का इंतजार



**इन बिल्डरों ने दी सहमति**

सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग प्लाट नंबर 03 आईआईटीएल निबंस प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-168 ई ग्रुप हाउसिंग 01 कैपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-108 ग्रुप हाउसिंग 04 डिवाइन इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग 02 एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-75 ग्रुप हाउसिंग 03 एम्स आरजी एंगल प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-78 बी ग्रुप हाउसिंग 5 शनसाइन इंफ्रा वेल प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-143 ग्रुप हाउसिंग 3ए गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर

**नोएडा।** अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद मंगलवार को 7 बिल्डर बकाया का 25 प्रतिशत धनराशि 60 दिन के अंदर और शेष 75 प्रतिशत धनराशि साधारण ब्याज के साथ किस्तों में जमा करने को तैयार हो गया है।

इससे करीब 1048 बायर्स को उनको मालिकाना हक मिलेगा। ये वो बायर्स से जिनको फ्लैट पर पजेशन मिल चुका है लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई है। इससे करीब 35 करोड़ रुपए वापस आएंगे। दरअसल, अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे उनका 20 से 24 प्रतिशत तक बकाया कम हो गया।

जीरो पीरियड का फायदा लेने के लिए बिल्डरों को कुल बकाए में से 25 प्रतिशत राशि 60 दिन के अंदर और बाकी राशि अधिकतम तीन साल के अंदर देनी होगी। जमा पैसों के अनुपात में नोएडा प्राधिकरण संबंधित बिल्डर की परियोजना में फ्लैट की रजिस्ट्री अनुमति देगा।

सरकार के इस निर्णय का फायदा बताने के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने 6 व 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक की थी।

चेयरमैन ने निर्देश दिए थे 8 व 9 जनवरी को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सहमति पत्र दे दें। इसके बाद हाल ही में फिर बिल्डरों को प्राधिकरण में बुलाया और बकाया की जानकारी दी।

## केयू प्रोफेसर ने की सामाजिक संगठनों से क्षमता निर्माण में निवेश की अपील

श्रीनगर। कश्मीर विश्वविद्यालय की एक प्रोफेसर ने सामाजिक संगठनों से बेहतर परिणामों के लिए स्वयंसेवकों की क्षमता निर्माण में निवेश करने का आग्रह किया है और सामाजिक चुनौतियों के प्रति सामूहिक प्रतिक्रिया पर जोर दिया है।

कश्मीर विश्वविद्यालय के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग की प्रोफेसर सैयदा अफशाना सोमवार को 'बैतुल हिलाल' जवाहर नगर में जम्मू-कश्मीर यतीम फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'मास मीडिया का महत्व और सामाजिक सेवा स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियां' विषय पर एक कार्यशाला यह बात कही। अतिथि वक्ता प्रोफेसर अफशाना ने आत्म-विकास से अस्थायी खुशी के बजाय समाज की व्यापक भलाई के लिए काम करके स्थायी संतुष्टि की खोज पर जोर दिया। कार्यशाला में जिला प्रतिनिधियों, केंद्रीय कार्यकारी सदस्यों और चुनिंदा स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को सामाजिक सेवा क्षेत्र में जनसंचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना था। अफशाना ने निस्वार्थता, ईमानदारी और मिशनरी उत्साह पर जोर देते हुए सामाजिक कार्य के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों का लाभ उठाने के बारे में शिक्षित किया गया। इस आयोजन में जाति, रंग, पंथ, क्षेत्र या धर्म के बावजूद हाशिए पर मौजूद, योग्य और वंचितों की सेवा करने के लिए मीडिया आउटरीच तथा फाउंडेशन के मानवीय मिशन के बीच व्यावहारिक संबंध पर जोर दिया गया।

## हिमाचल में मौसम बदलेगा करवट, सात स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम के करवट बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की जानकारी के मुताबिक 25 जनवरी के बाद हिमाचल प्रदेश के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी देखने को मिल सकती है तो वहीं इस दौरान प्रदेश के मध्यवर्ती इलाकों में बारिश भी देखने को मिल सकती है।



आने वाले 25 जनवरी के बाद हिमाचल प्रदेश में मौसम के बदलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि किन्नौर कुल्लू और लाहौल स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इस दौरान बर्फबारी हो सकती है। वहीं 29 जनवरी के आसपास हिमाचल प्रदेश के मध्यवर्ती इलाकों में बारिश भी दर्ज की जा सकती है।

इसके प्रभाव से राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कुछ क्षेत्रों में 25 से 29 जनवरी तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। हालांकि, मैदानी भागों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। उधर, राज्य में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। सात जगह न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। शिमला और धर्मशाला के न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। आज राजधानी शिमला व आसपास भागों में धूप खिली हुई है। उधर, मैदानी जिलों मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा (नूरपुर), सिरमौर (पांवटा साहिब और धौलाकुआं) और सोलन (बद्दी) और नालागढ़) में अगले दो दिनों के दौरान सुबह के समय अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी हुआ है।

सुबह के समय सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है। मंगलवार सुबह भी कई मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा। इससे लोगों को पेरशानी का सामना करना पड़ा।

## बंगाल ने मनाई नेताजी की 127वीं जयंती , ममता ने किया स्मरण

कोलकाता। स्वतंत्रता संग्राम योद्धा एवं आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पश्चिम बंगाल में मंगलवार को पारंपरिक उत्साह के साथ मनायी गयी। राज्य सरकार की ओर से यहां रेड रोड पर प्रायोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नेताजी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने नेताजी को



स्मरण करते हुए कहा , हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मना रहे हैं । मेरा दिल एक सच्चे नायक के लिए गहरी प्रशंसा से भर जाता है जो मेरे लिए, प्रेरणा का चिरस्थायी स्रोत रहा है। उनका साहस, दूरदर्शिता और मातृभूमि के प्रति प्रेम ने मेरे अंदर गहरी भावनाएं जगायी है।

बनर्जी ने आगे कहा , नेताजी की आत्मा समय से परे है और देश के प्रत्येक व्यक्ति के धड़कन में जीवित रहती है। आज हम उनके बलिदानों की नब्ज को महसूस करें। आइए, हम इस विशाल विरासत के कंधों पर उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने नेताजी का स्मरण करते हुए कहा मैं महानतम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राष्ट्रीय नायक की 127वीं जयंती पर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए सिर झुकाता हूं।

### बीएचयू की छात्राओं का प्रतिनिधिमंडल मिला अखिलेश से

लखनऊ। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की छात्राओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। समाजवादी महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह एवं उपाध्यक्ष नेहा यादव के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल में शामिल छात्राओं ने बताया कि एक नवम्बर 2023 की रात बीएचयू कैम्पस में गैंगरेप की घटना की शिकार पीड़िता की न्याय की मांग को लेकर हुये प्रदर्शन के बाद पुलिस ने लीपापोती कर मामले को खत्म कर दिया।

## विधायकों और नागरिक समाज ने केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों की निष्क्रियता की निंदा की

इंफाल। मणिपुर में सत्तारुढ़ दल के विधायक,विपक्षी विधायक और नागरिक समाज ने संयुक्त रूप से कुकी उग्रवादियों की ओर से नागरिकों पर सिलसिलेवार हमलों को नियंत्रित करने में केंद्रीय सुरक्षा बलों की निष्क्रियता की निंदा की है और इसके लिए उसे जिम्मेदार ठहराया है।

दस विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मांग की है कि वह औपचारिक रूप से मणिपुर के वर्तमान मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकर्षित करें।

प्रधानमंत्री से मिलने का समय लेने के लिए नयी दिल्ली में डेरा डाले सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों को प्रधानमंत्री से मिलने की इजाजत नहीं दी गई।

हाल ही में, कुकी आतंकवादियों ने नागरिकों, ज्यादातर किसानों और बच्चों पर हमला करना शुरू कर दिया, जिसके कारण दो पुलिसकर्मियों और 26 अन्य नागरिकों की मौत हो गई। पीड़ित पक्षों द्वारा गठित विभिन्न संयुक्त कार्रवाई समितियों के साथ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी देखा गया। जिन्होंने कुकी आतंकवादियों के साथ ऑपरेशन के निलंबन को रद्द करने और निर्दोषों को मारने वालों को दंडित किए जाने तक शवों पर दावा करने से इनकार कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### 5000 छात्राओं ने बनाया भारत का नक्शा

**गाजियाबाद।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर गाजियाबाद के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में मंगलवार को पांच हजार छात्राओं ने मानव श्रृंखला के जरिये भारत का नक्शा बनाया। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और मतदाता जागरुकता की शपथ ली। पुलिस उपायुक्त कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने सड़क सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में बच्चों को जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) विरेन्द्र कुमार ने यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी से अनुरोध किया। एआरटीओ प्रवर्तन राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे रोल मॉडल हैं, इसलिये 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर ही वैध ड्राईविंग लाईसेंस प्राप्त कर वाहनों का संचालन करें। एआरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का सड़क पर यात्रा करते समय मूल मंत्र होना चाहिये। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता राम राजा, जीजीआईसी प्रधानाचार्य विभा चौहान, यात्रीकर/मालकर अधिकारी मनोज कुमार, राजेश्वर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### गाजियाबाद में पैरेंट्स एसोसिएशन की मीटिंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पैरेंट्स एसोसिएशन ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन अपने शास्त्रीनगर स्थित कार्यलय पर मीटिंग की। जिसमें सभी सदस्यों ने भगवान श्री राम के आचरण का अनुपालन कर शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार करने का संकल्प लिया। इस बैठक के दौरान कई व्यवस्थाओं के सुधार का संकल्प लिया गया। गाजियाबाद पैरेंट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार सहित सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार, आरटीई के दाखिले, इस वर्ष बड़े स्तर पर बुक एक्सचेंज मेला लगाने, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक, नगर निगम के स्कूलों का विकास, जिले में सैनिक स्कूल खुलवाने के लिए प्रयास करने, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करने एवं संगठन का विस्तार करने जैसे अनेकों मुद्दों पर सभी सदस्यों के बीच विस्तार से एक लंबी और सकारात्मक चर्चा हुई। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। संकल्प लेने के लिए आज के दिन से अच्छा दिन कोई हो ही नहीं सकता। इसलिए गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन की पूरी टीम ने पूरे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ संकल्प लिया है कि हम सभी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अगर प्राणों को न्योछावर करने की जरूरत पड़ी तो पीछे नही हटेंगे।

### गाजियाबाद में दो जगह अग्निकांड

गाजियाबाद। गाजियाबाद में सोमवार रात दो स्थानों पर अग्निकांड हुए। 14वें फ्लोर पर फ्लैट में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। वहीं सॉस से भरे ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही कि दोनों स्थानों पर कोई जनहानि नहीं हुई और फायर फाइटर्स ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, पहला हादसा सोमवार रात सवा 11 बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक एरिया की कॉसमॉस गोल्डन सोसाइटी में 14वें फ्लोर पर फ्लैट नंबर-1401 में आग लगने की सूचना मिली। तुरंत फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। आग एक बंद फ्लैट में लगी थी। आग की लपटें लगातार नीचे गिर रही थीं। काला धुआं तेजी से निकल रहा था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करके आग पर काबू पा लिया और आसपास के स्थित घरों को सुरक्षित बचा लिया गया। आग के कारण फ्लैट के एक कमरे में रखा घरेलू सामान जल गया। दूसरा अग्निकांड गाजियाबाद-मेरठ मार्ग पर काइट कॉलेज मुरादनगर के नजदीक हुआ। यहां रात पौने 10 बजे एक ट्रक में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन मोदीनगर को लखनऊ कंट्रोल रूम से मिली। इस ट्रक में सॉस (चटनी) के पैकेट भरे हुए थे जो दिल्ली से मेरठ जा रहा था। फायर फाइटर्स ने यहां भी समय रहते आग पर काबू पा लिया और बड़ा नुकसान होने से बचा लिया।

### सीबीएसई के स्कूलों में आयोजित होगा ऑनलाइन ओरिएंटेशन सत्र

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबंद्ध सभी स्कूलों में आगामी मंगलवार को ऑनलाइन ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया जा रहा है। इसमें छात्रों और शिक्षकों को पढ़ाई से जुड़ी हजारों तरह की तकनीकों के जरिये ग्राफिक्स, प्रजेंटेशन बनाना, ऑडियो, वेब पेज और वीडियो के साथ एनिमेशन के रूप में डिजिटल सामग्री बनाने के बारे में बताया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि 30 जनवरी को करीब एक घंटे का सत्र होगा। इसका मकसद प्रत्येक छात्र और शिक्षक को अपनी रचनात्मकता को उजागर व बेहतर करने के साथ उनका भविष्य के लिए भी कौशल विकसित करना है। अभी शुरुआत हो रही है। आगे 24 फरवरी से नियमित तौर पर इस तरह के सत्र होंगे। दिलचस्प यह कि सीबीएसई स्कूलों को एडोब एक्सप्रेस (प्रीमियम) का लाइसेंस भी मुहैया कराएगा। इसके बाद स्कूल इसका एक्सेस बच्चों को देंगे। इससे बच्चे बगैर कोई शुल्क दिए एडोब साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए बोर्ड ने एडोब से करार किया है। वहीं, सत्र भी निःशुल्क है। सीबीएसई के मुताबिक, एडोब एक्सप्रेस बच्चों की ट्रेनिंग में हर तरह की मदद करेगा। इसमें एआई टूल का भी इस्तेमाल होगा। इससे बच्चे आसानी से ग्राफिक्स, एनिमेशन समेत अन्य डिजिटल सामग्री बना सकेंगे।

### सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

नई दिल्ली। जल्द ही सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन को भी यात्री फ्रेंडली बनाने की तैयारी है। रेलवे 27 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करेगा। यहां 12 मीटर चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण होगा, ताकि एक प्लेटफार्म से दूसरे तक पहुंचने में यात्रियों को परेशान न होना पड़ा। साथ ही, प्लेटफार्म पर 6 स्वचालित सीढ़ियां व चार लिफ्ट बनाने की योजना है। इससे वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व अन्य यात्रियों को सामान के साथ चढ़ने-उतरने में दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। दिल्ली रेल मंडल प्रबंधक सुखविंदर सिंह ने बताया कि कंसल्टेंसी और वर्क्स कॉन्ट्रेक्ट प्रदान किया जा चुका है। स्टेशन पुनर्विकास को लेकर मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। स्टेशन के बाहरी परिसर को बेहतर करने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फुटओवर ब्रिज स्टील गर्डर से तैयार होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को सभी आधुनिक सुविधाएं देने के साथ ही पुनर्विकास कार्यों की योजना तैयार की गई है। इसके तहत दिल्ली डिवीजन के चौदह स्टेशन जिसमें सोनीपत, मोदीनगर, गाजियाबाद, सब्जी मंडी, जींद जंक्शन, रोहतक, पटौदी रोड, बहादुरगढ़, दिल्ली कैंट, शामली, नरेला, मानसा, फ़रीदाबाद, नरवाना जंक्शन का पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशन के बाहरी भाग का सौंदर्यीकरण होगा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दरोगा को कुचला

मुरादनगर। ईटों से भरे ट्रक ने बुलेट सवार आईटीएस पुलिस चौकी प्रभारी दरोगा रविंद्र बालिया को कुचल दिया। जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। मूलरूप से जनपद मुजफ्फरनगर के गढ़ी नोआबाद गांव थाना भौंराकला निवासी सब इंस्पेक्टर रविंद्र बालियान (40) थाना मुरादनगर की आईटीएस चौकी प्रभारी थे। परिवार में पत्नी मोनिका व डेढ़ वर्ष का बेटा रूद्राक्ष है। 2 नंवबर 2023 में दरोगा रविंद्र बालियान को आईटीएस चौकी प्रभारी बनाया गया था। वर्ष 2015 में वह पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्ष 2019 में शादी हुई थी। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे रविंद्र बालियान बुलेट से गाजियाबाद कोर्ट में एनबीडब्यू वारंट लेने जा रहे थे। दिल्ली मेरठ मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बुलेट सवार दरोगा को कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। जिसके कारण हाईवे जाम लग गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरोगा को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव, एसीपी नरेश कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। हादसे में दरोगा की मौत बाद मुरादनगर पुलिस कर्मियों में शौक की लहर है। पुलिस ने ट्रक हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। एसीपी नरेश कुमार का कहना है कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# दिल्ली- एनसीआर में घने कोहरे और ठंड के कारण येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली। (पी एम ए) बीते कुछ सप्ताह से दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी है. यहां पर कोहरे के साथ गलन बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम और न्यूनतम तापमान औसत से कम होने के कारण गलन से राहत नहीं मिल रही है. इसके साथ घने कोहरे की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है. कोहरे की वजह से रेल और सड़क मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है. वहीं हवाई यात्राएं भी बाधित हो रही हैं. इन सबके बीच मौसम विभाग (आईएमडी) ने ताजा अपडेट जारी किया है. दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे और ठंड के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है. इसका अर्थ है कि लोग इस ठंड से सतर्क रहें।



मौसम विभाग के विज्ञानियों के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहने वाला है।

यहां के लोगों को अगले 5 दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. इन प्रदेशों के लोगों को पूरे सप्ताह गलन वाली ठंड का सामना करना पड़ सकता है. इसके साथ देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में बहुत ज्यादा घना कोहरा देखने को मिलत सकता है. ऐसे में लोगों को बाहर न निकलने की हिदायत दी है।

#### आईएमडी का येलो अलर्ट

मौसम विभाग के विज्ञानियों के अनुसार, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मौसम काफी खराब रहने की संभावना बनी हुई है. एक पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में अगले 24 घंटे घना कोहरा छाया रहेगा. इसे देखते हए आईएमडी ने मंगलवार यानी येलो अलर्ट जारी किया है. बीते कई दिनों से मौसम का यहीं हाल है. सोमवार को सुबह के वक्त भी तापमान गिरा हुआ था. मगर दिन चढ़ने के साथ हल्की धूप ने लोगों को राहत दी. आने वाले दिनों में भी ऐसा ही हाल रहने वाला है.

#### 48 घंटों तक प्रचंड ठंड

मौसम विज्ञानियों का पूर्वानुमान है कि पंजाब, हरियाणा और उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में अगले 48 घंटों तक सीवियर कोल्ड (प्रचंड ठंड) के हालात बने रहने वाले हैं. उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में आने वाले 4 से 5 दिनों तक भीषण ठंड पड़ने वाली है. सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

## घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 चोर गिरफ्तार

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 50 हजार की नकदी और करीब साढ़े 3 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है। दरसअल 25 दिसम्बर को ओमिकरोन सेक्टर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

इस दौरान चोरों ने कई घरों को अपना निशाना बनाया था और घरों में लगी हुई महंगी टोंटी, शावर चोरी कर लिए थे। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और चोरों की तलाश के लिए टीम का गठन किया। लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर इस मामले में सिरसा गोल चक्कर के पास से आई-10 कार सवार तीन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों की निशान देही पर चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया। साथ ही चोरी के समान से बरामद हुई नकदी भी बरामद की गई।

इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद आरिफ, धर्मेंद्र और अभिषेक को गिरफ्तार किया। यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं, जो सेक्टर और सोसाइटी में रेकी किया करते थे। रेकी करने के बाद बंद पड़े मकान को अपना निशाना बनाते थे और उसके बाद उसमें लगे हुए कीमती सामान को चोरी कर लिया करते थे। इस दौरान उनके द्वारा कई घरों से महंगी महंगी पानी की टोंटी और शावर चोरी किए गए।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 137 नल टौटी, 4 शावर, 4 वाशविशन टोंटी, 1 बैट्रा, 2 इनवर्टर, 1 ग्लेंडर मशीन, 1 गैस कटर समेत कई कीमती सामान बरामद किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### खाली प्लाट में बने कबाड़ के गोदाम में लगी आग

नोएडा के सलारपुर सेक्टर-101 में मेट्रो पिलर के पास से बने कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग पटाखा और चिंगारी से लगी। मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना सोमवार रात की है। मौके पर मौजूद लोगों ने अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। एक-एक करके छह दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन कर्मियों ने कबाड़ से पहले प्लास्टिक को अलग किया इसके बाद आग को बुझाना शुरू किया। वो इसलिए क्योंकि आग तेजी से न फैले। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग सलारपुर सेक्टर 101 मेट्रो पिलर नंबर 77 के पास खाली प्लाट में कबाड़ में लगी थी। किसी ने अवैध रूप से यहां कबाड़ डाला था। जिसमें पटाखा या अन्य चीज से आग लगी। आग पर काबू कर लिया गया है। किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई है। सीएफओ ने अपील की खाली पड़े प्लाट या अन्य स्थानों पर खुले में कबाड़ न डाला जाए। इससे आग लगने की संभावना कही ज्यादा होती है। बता दे जिस खाली प्लाट पर आग लगी। उसके आसपास काफी रिहाइशी इमारत और मकान है। ऐसे में आग बढ़ती या चिनगारी उठती तो कही और भी आग लग सकती थी। फिलहाल आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया।

## मेवाड़ में धूमधाम से मनाई गयी नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती

### नेताजी सुभाष होते तो हमें अखंड भारत मिलता: डॉ. गदिया

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर 4सी स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। क्या भाषण, क्या गीत और क्या कविताएं, सब एक से बढ़कर एक थीं। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष कभी मर नहीं सकते, वह अमर हैं, अमर रहेंगे।




नौजवानों में एकता का जज्बा नेताजी के देशहित में किये गये कार्यों से ही भरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के नेता सिर्फ एक ही रहेंगे और वह हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस। उन्होंने दावा किया कि अगर नेताजी होते तो हमें पूरा अखंड भारत मिलता। बर्मा, भूटान और पाकिस्तान नहीं बनता। अगर नेताजी का रंगून रेडियो पर दिया गया भाषण सुन लिया जाए तो पता चलता है कि नेताजी अखंड भारत पाने के लिए कितना संघर्षरत थे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे साल में एक देशभक्त जरूर तैयार करें। देशभक्ति व संवेदनशीलता के भाव उसमें भरें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने अपने विचारों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं डॉ. अलका अग्रवाल ने मां शारदा, भारत माता व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किये। विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभायात्रा

**गाजियाबाद।** श्रीराम जी के अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति के तत्वाधान में सोमवार की शाम श्रीराम जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में क्रॉसिंगवासियों ने नाच-गाकर खुशियां मनाई। क्रॉसिंग रिपब्लिक के सेवियर ग्रिंसले सोसाइटी के श्रीराम सीता मंदिर में पूजा के उपरांत शोभायात्रा आरंभ हुई तथा गौर ग्लोबल विलेज, महागुन मस्कट, पैरामाउंट, सुपरटेक, अजनारा जेन एक्स, पंचशील, गार्डेनिया, एसोटेक, प्रतीक, बुलंद, अरिहंत, किंग्स वुड, कॉसमॉस गोल्डन हाईट्स, गोल्फ विस्टा, स्काईटेक-1, सैम रेजीडेंसी, स्काईटेक -2, एक्जोटिका, जयपुरिया, क्लेमेंट सिटी, लबोनी, जी एच -7 सोसाइटी में पहुंची। शोभायात्रा के दौरान सारा वातावरण श्री राम जी के जयकारे से गुंजायमान हो उठा।



श्री राम बारात शोभायात्रा का संयोजन सांस्कृतिक कला संगम समिति के अध्यक्ष क्षितिज सिंघल ने समिति के अन्य पदाधिकारियों विजय गोयल, बी पी एस भाटिया, विवेक शर्मा, आशुतोष चंदन, रवि गुप्ता, डा. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव %शिखर%, संजय अग्निहोत्री, तरुण, अर्चना अग्निहोत्री, संजू यादव, सुमीता वर्मा, नीरज मिश्रा, डा. दिनेश शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, आर सी सिंह, सरोज कुमार आदि के साथ किया। श्रीराम जी की शोभायात्रा जिस सोसाइटी के सामने से गुजरती सोसाइटीवासी श्रीराम सीता को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारते। अपनी सोसाइटी के सामने श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की पुलिस मुस्तैदी से डटी रही।

इस उपलक्ष्य में क्रॉसिंग रिपब्लिक के सभी सोसाइटी तथा फ्लैट्स में दीप प्रज्वलित कर आस्था के साथ दिवाली भी मनाई गई। इस दौरान रात ग्यारह बजे कॉसमॉस गोल्डन हाईट्स के फ्लैट बी 1401 पेंट हाउस में भीषण आग लग गई, जिससे घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिले की अग्निशमन के दस्ता द्वारा प्रयास कर अन्य फ्लैट्स में आग फैलने पर काबू पा लिया गया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश लिया वापस

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपने पहले एक आदेश को वापस ले लिया है। जिसमें कोर्ट ने 29 हफ्ते की गर्भवती महिला को गर्भपात की इजाजत देने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार की ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दी गई थी। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आदेश वापस लिया जाता है। केंद्र की ओर से एक याचिका दायर करने के बाद आया है। जिसमें बीती चार जनवरी के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी गई थी। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि गर्भावस्था का समापन तब तक नहीं हो सकता है। जब तक कि डॉक्टर भ्रूणहत्या न कर दें। ऐसा न करने पर बड़ी जटिलताओं के साथ समय से पहले प्रसव होगा।

## नोएडा में थाना प्रभारी सहित 5 पुलिस कर्मी सस्पेंड

### मेंहदी हसन हत्याकांड में पुलिस कमिश्नर ने की कार्रवाई

नोएडा। बरौला में मेहंदी हसन हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नार ने पांच पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। इसमें बरौला थाना प्रभारी राम प्रकाश गौतम समेत चौकी इंचार्ज नितिन जावला समेत पांच पुलिस कर्मी है। दरअसल,19 जनवरी 2023 की रात दो युवकों ने बरौला में एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटा। फिर चाकू से ताबड़तोड़ वॉर किए। इसके बाद उसके एक पैर को रस्सी से बांधकर बाइक से गांव में एक किलोमीटर तक घसीटा। इसके बाद उसे चौकी ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। वहीं अनुज सैनी को थाना प्रभारी बनाया गया है।

घायल व्यक्ति को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जब पुलिस घटनास्थल पर ले जा रही थी, तो दोनों ने पुलिस टीम पर हमला करके भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी। बाइक से बांधकर युवक को घसीटने का वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद से ही आशंका थी कि पुलिस कमिश्नर बड़ा एक्शन ले सकती है।

वारदात नोएडा थाना-49 के बरौला गांव की है। मृतक व्यक्ति का नाम मेंहदी हसन (35) है, जबकि आरोपियों की पहचान अनुज और उसके चचेरे भाई नितिन के रूप में हुई थी। शनिवार रात करीब 9.55 बजे अनुज और नितिन बाइक से कहीं जा रहे थे। मेंहदी हसन भी उधर से पैदल गुजर रहा था। दोनों ने मेंहदी को रोक लिया।

## 8.07 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

### 1 फरवरी से अभियान, पांच फरवरी को मॉप अप राउंड

नोएडा। जनपद में कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत एक फरवरी को एक से 19 साल तक बच्चों और किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। जनपद में स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों पर करीब 8.07 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलायी जाएगी। बच्चों को दवा कैसे और कितनी दी जाएगी इसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर स्कूली शिक्षक-शिक्षिका आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और एनएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि एक फरवरी को एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोर को पेट के कीड़े निकालने की गोली खिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि एक फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में पांच फरवरी को गोली खिलाई जाएगी। जनपद में 8.07 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आंगनवाड़ी और स्कूलों में बच्चों एल्बेंडाजोल दी जाएगी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डीईआईसी मैनेजर रचना वर्मा ने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पानी से खिलाई जाती है।

जबकि दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली खिलाई जाती है। गोली खाली पेट नहीं खानी चाहिए। इसके अलावा यदि कोई बच्चा बीमार है तो उसे भी यह गोली नहीं देनी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशिक्षित शिक्षक और आंगनबाड़ी- आशा कार्यकर्ता यह गोली खुद अपने सामने खिलाएंगी, अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग और समेकित बाल विकास विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।

#### अभियान से पहले दिया जाएगा प्रशिक्षण

संबंधित विभागों को अभियान शुरू करने से पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोई बच्चा यदि सर्दी-खांसी या बुखार से पीड़ित है तो उसे यह गोली नहीं खिलानी है।

छोटे बच्चों को गोली निगलने में परेशानी हो सकती है, इसलिए ऐसे बच्चों को गोली पीसकर खिलाई जाती है। शासन से निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को स्कूलों में दोपहर के भोजन के बाद यह गोली दी जाए, क्योंकि खाली पेट गोली खाने की मनाही है।

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन जामिया में लगे विवादित नारे

नई दिल्ली । अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। इस दौरान पूरे देश ने रामलला के आगमन पर दिवाली मनाई। पूरी राजधानी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरक्षा इंतजामों के बीच शोभायात्रा निकाली गई। लेकिन दिल्ली के जामिया में कुछ छात्रों ने विवादित नारे लगाए। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जिसके बाद मौके पर दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे। विश्वविद्यालय के बाहर पुलिसकर्मियों की दिनभर तैनाती रही।

#### जामिया में लगे बाबरी के लिए हड़ताल के नारे

जामिया मिलिया इस्लामिया में दो से तीन छात्रों की ओर से 'बाबरी के लिए हड़ताल' जैसे विवादित नारे लगाते हुए एक वीडियो सामने आया है। इसे



देखते हुए एहतियात के तौर पर विश्वविद्यालय के बाहर पुलिसकर्मियों की दिनभर तैनाती रही। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तैनाती रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर किया गया है।

जानकारी के लिए बता दें कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान दिल्ली के सभी मंदिरों के अलावा संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाके में पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों की 30 से ज्यादा कंपनियां दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तैनात रही।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सड़कों पर गश्त करते नजर आए। ड्रोन से निगरानी करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी राजधानी पर नजर रखी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार खुफिया एजेंसियों से अलर्ट मिला था कि सोशल मीडिया के जरिये शरारती तत्व दिल्ली में गड़बड़ी फैला सकते हैं। ऐसे में दिनभर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी गई। राजधानी में रविवार रात से पुलिस ने बैरिकेड लगा कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। दिल्ली के बाहर से आने वाले वालों पर भी कड़ी नजर रखी गई। दिल्ली पुलिस ने जामिया में लगे विवादित नारों पर कहा कि 22 जनवरी की दोपहर को दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया के विश्वविद्यालय परिसर में कुछ लोग ने प्रदर्शन करने की कोशिश की थी। जिसके बाद सूचना मिली है कि प्रशासन ने सभी को हटा दिया है। इस मामले पर दिल्ली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है क्योंकि ये मामला कैंपस के अंदर का है और दिल्ली को किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली।

## रेलवे ट्रैक से केबिल चुराने वाला गिरोह गिरफ्तार

### मुठभेड़ में एक आरोपी को गोली लगी, माल समेत सभी आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मेट्रो और रैपिड रेल ट्रेन ट्रैक से बिजली के केबिल चुराने वाले गिरोह से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है। पुलिस ने घायल बदमाश समेत गिरोह के 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

वहीं तीन कबाड़ी भी गिरफ्तार किए गए हैं। जो चोरी किए गए बिजली के केबिल खरीदते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से बिजली के केबिल, चोरी करने के उपकरण, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय ने बताया कि इस गिरोह का चोरी करने का तरीका बेहद शातिराना और खतरनाक था। यह लोग पहले रेलवे ट्रैक के नीचे इकट्ठा होते उसके बाद पतली सी रस्सी में पत्थर बांधकर ट्रक पर फेंकते। वो रस्सी दूसरी तरफ से वापस आ जाती। फिर उसी रस्सी में मोटा रस्सा बांधकर यह ट्रैक के आर पार कर लेते। उस रस्से से 3-4 बदमाश ट्रैक पर चढ़ते। जो बदमाश ऊपर ट्रैक पर जाते उनके पास लंबे डंडे में आरी लगी होती थी। उस आरी से वह केबिल को काटते। जैसे ही आरी प्लास्टिक का खोल हटाने के बाद तांबे से कनेक्ट होती तुरंत स्पार्क होकर फ्यूज उड़ जाता।

## संपादकीय

# बर्बरता का शिकार बन रहे बेकसूर

संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है।

इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध को अब तीन महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। शुरुआती दौर में इस बात पर गौर किया जा सकता था कि हमास ने अपने हमले में जैसी बर्बरता का प्रदर्शन किया, इजराइल के सामने अपने बचाव में उसका जवाब देने का विकल्प नहीं था। मगर उसके बाद हमलों का सिलसिला अब तक जारी है और उसमें मारे जाने वाले आमतौर पर गाजा के वे साधारण लोग हैं, जिनका युद्ध के किसी भी पक्ष से कोई वास्ता नहीं रहा और वे दोतरफा जिद और बर्बरता के शिकार हुए।

रविवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब साढ़े बासठ हजार लोग घायल हुए हैं। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद इस युद्ध के खत्म होने या रुकने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है। सवाल है कि हमास के खात्मे के घोषित मकसद के पर्दे में अगर इजराइल निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है, तो उसके हमले को स्वाभाविक प्रतिक्रिया कब तक माना जा सकेगा।

कोई जंग किसी मामूली कारण से भी शुरू हो सकती है और उसमें दोनों पक्षों में धीरज और दूरदर्शिता की कमी एक बड़ा कारण हो सकता है। मगर युद्ध में जितने सैनिक मोर्चे पर मारे जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आम लोगों को मार डाला जाता है। कोई इसकी जिम्मेदारी नहीं उठाता। हमास ने अचानक इजराइली सीमा में घुसपैठ कर एक हजार से ज्यादा आम लोगों को मार डाला, तब उसकी बर्बरता को लेकर दुनिया भर में क्षोभ और आक्रोश पैदा हुआ और तब इजराइल के जवाब को सही ठहराने का एक कारण था। मगर उसके बाद इजराइली हमले में जितनी तादाद में आम लोगों की जान जा चुकी है, उसे कैसे देखा जाएगा?

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है। इतने बड़े पैमाने पर मासूम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल की ओर से युद्ध को खत्म करने की तो दूर, युद्ध विराम तक को लेकर कोई संकेत नहीं दिख रहा। कुछ समय पहले एक दूसरे के अगवा किए नागरिकों और बंदी सैनिकों को छोड़े जाने के लिए तात्कालिक रूप से युद्ध को एक ठहराव दिया गया था, मगर उसके बाद फिर गोलाबारी और बेकसूर लोगों के मारे जाने का सिलसिला जारी है। हालांकि इस बीच दुनिया भर में इस युद्ध को खत्म करने के लिए आवाजें उठी हैं। बीते शनिवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान को गैरकानूनी भी करार दिया गया और फिलीस्तीन के लोगों और बुनियादी ढांचों पर व्यापक हमलों की कड़ी निंदा की गई। मगर ऐसा लगता है कि क्रिया-प्रतिक्रिया के चरण से आगे बढ़ते हुए यह युद्ध अब जिद और अहं की शक्ल अख्तियार कर चुका है। जरूरत इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व के शक्तिशाली देश इस युद्ध को खत्म करने को लेकर कोई ठोस पहल करें, ताकि नाहक निर्दोषों के मारे जाने का सिलसिला रुके।

# मायावती की मजबूरी

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। वह इसकी वजह बेशक यह बता रही हैं कि चुनाव पूर्व गठबंधन उनकी पार्टी की संभावनाओं को कमजोर करेगा और सहयोगियों को फायदा पहुंचाएगा, लेकिन यह बात गले नहीं उतरती और उनकी मजबूरी को ही दर्शाती है।

दरअसल, कभी बसपा के गढ़ माने जाने वाले उत्तर प्रदेश में न तो सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और न ही विपक्षी दलों का समूह 'इंडिया' गठबंधन अप्रत्याशित व्यवहार करने वाली बहनजी के साथ गठजोड़ करने के लिए तैयार है; जिनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा राज्य में उनकी घटती लोकप्रियता से तालमेल नहीं बैठा पा रही है। कुछ दूसरे राज्यों में भी यही कहानी है, जहां बसपा की मौजूदगी तो है, लेकिन उसका प्रभाव तेजी से क्षीण हो रहा है। फिर भी, संभावित सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के लिए कड़ी सौदेबाजी जारी है।

भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने, जो इस वक्त लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरी तरह से मजबूत स्थिति में दिख रहा है, बसपा के साथ गठबंधन करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। इसके बजाय, पिछले संसदीय और विधानसभा चुनावों की तरह सत्तारूढ़ दल की रणनीति तो यही है कि ज्यादा से ज्यादा दलित और मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में करने और विपक्ष के एकीकरण की कोशिशों को कमजोर करने में कैसे बसपा का उपयोग किया जाए।

'फूट डालो और राज करो' वाली यह रणनीति हाल के समय में काफी प्रभावी रही है, लेकिन अब दलित व मुस्लिम समुदायों में यह बात तेजी से फैल रही है कि बसपा को वोट देने से अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को फायदा हो सकता है, और यही वजह है कि अब यह रणनीति अपनी शक्ति खो रही है। दरअसल मायावती के समर्थकों के छिटकने की एक मुख्य वजह यह रही है कि अब उन्हें लगने लगा है कि वह शोषित वर्ग की नेता नहीं, बल्कि स्वेच्छा से या मजबूरी में, उत्तर प्रदेश में भाजपा की वोट मशीन की मददगार बन गई हैं। जहां तक 'इंडिया' गठबंधन का सवाल है, कांग्रेस नेतृत्व शुरू से ही बहन जी को उन सभी पार्टियों के संयुक्त मोर्चे में शामिल करना चाहता था, जो भाजपा के खेमे में नहीं थीं।

हालांकि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने दरअसल मायावती को लेकर तब से ही कड़ा रुख अपनाया हुआ है, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के तुरंत बाद मायावती ने सपा के साथ बनाए गए अपने राजनीतिक गठबंधन को एकाएक तोड़ दिया था। मायावती द्वारा उठाया गया यह कदम उन्हें तब और भी व्यथित करता है, जब सपा के साथ उनके गठबंधन की वजह से 2014 की तुलना में 2019 में बसपा की सीटें शून्य से दस पर पहुंच गईं, जबकि सपा की सीटें आधी होकर पांच ही रह गईं।

अगर कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाल के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया होता, तो वह अखिलेश को मनाने की स्थिति में होती कि वह मायावती को गठबंधन में शामिल करने पर पुनर्विचार करें। लेकिन राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा से हार के बाद कांग्रेस की सौदेबाजी की ताकत कम हो गई है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सपा के साथ गठबंधन करने से इन्कार करने से अखिलेश पहले से ही नाराज थे। ऐसे में, स्वाभाविक ही, उन्होंने बसपा के मामले में भी अपने हाथ खींच लिए। हालांकि बसपा के बड़ी संख्या में मुस्लिम सांसदों का बहन जी पर दबाव था कि वह 'इंडिया' के साथ मिलकर चुनाव लड़ें, लेकिन बहन जी की अपनी मजबूरी थी।

पहली नजर में यही लगता है कि विपक्षी गठबंधन में बसपा की अनुपस्थिति उत्तर प्रदेश में उसकी संभावनाओं को क्षीण करेगी। दूसरी तरफ, ज्यादातर मुस्लिम समर्थकों और खुद मायावती की उपजाति जाटव सहित दलितों में उन्हें लेकर जिस तरह मोहभंग की प्रवृत्ति दिख रही है, उससे यही लगता है कि उत्तर प्रदेश में बसपा कोई बड़ी राजनीतिक शक्ति नहीं रह गई है।

24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

# बालिकाओं की सुरक्षा के हो गम्भीर प्रयास



रमेश सर्राफ धमोरा



लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है।

देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

# गुजरे समय का महत्वपूर्ण क्षण नहीं लौट कर आता दोबारा,

गुजरे हुए समय और बीते कल के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोई हुई ख्याति, इज्जत को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं, उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है का वर्षा जब कृषि सुखावे, इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया हैद्य समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है, और हजारों, लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है, वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है। उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।

## सदगुण अपनाएँ

सद्गुण है सच्ची संपत्ति ,
दुर्गुण है बड़ी विपत्ति,
असत्यभाषण, दुराचार
ये फैलाते हैं भ्रष्टाचार,
पूरे यूरोप में फैला है
इसीलिए हो रहा
इतना अत्याचार,
कहीं धन की,
कहीं स्त्री की,
कहीं जमीन की
लिप्सा, स्पृहा, कामना,
हो रहा एक तरफा
अत्याचार
लोग बेबस लाचार,
कमजोर लाचार यूक्रेन को
कपटी मित्रों ने दिया दगा,
उसे समझ ना आया
कौन पराया
कौन अपना सगा,
दोस्तों के उकसावे पर
चढ गया,
युद्ध की सूली पर,
लाखों हुए बेघर
महिलाएं बच्चे हुए लाचार,
पूरा विश्व तमाशा देखते
कर रहा सिर्फ विचार,
ऐसे कपटी मित्रों से अच्छा
एक दिलेर बुद्धिमान दुश्मन,
जिसका साफ तो है मन,
ऐसी भी क्या हठ,
जो चला दे
आपस में लठ,
भाई भाई अब
दुश्मन हो गए,
एक दूसरे के
लहू के प्यासे हो गए,
भारत को अब
देना चाहिए
शांति का संदेश,
जिससे लड़ाई छोड़ कर
मित्र हो जाएं दोनों देश।

# प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मणीय पल की साक्षी बनी दुनियां



हजारों वर्षों, पीढ़ियों तक 22 जनवरी 2024 को याद रखा जाएगा

देश-विदेश के हर मंदिर में गजब का उत्साह-पूरी दुनियां में भजन कीर्तन से झूम उठे भक्तगण-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर ऐसा कोई उत्सव शायद ही पूरी दुनियां में किसी ने देखा या सुना हो जैसा भारी उत्साह सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के कोने-कोने से लेकर पूरी दुनियां के कोने-कोने में धूम रही। अमेरिका फ्रांस मॉरीशस ताइवान से लेकर नेपाल तक भारी उत्साह रिपोर्ट किया गया है। अनेक राज्यों में पूरी तरह बंद का माहौल देखने को मिला। मैं बता दूं कि हमारी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया नगरी में 22 जनवरी 2024 को सुबह से रात तक मैंने करीब करीब हर मंदिर गुरुद्वारा दरबार में ग्राउंड रिपोर्टिंग किया, तो मैं बेहद उत्सहा देखकर हैरान रह गया क्योंकि मेरी पूरी जिंदगी में या फिर 85 वर्ष प्लस बुजुर्गों से भी बात की तो उन्होंने अपनी जिंदगी में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा था। भारत या पूरी दुनियां में एक प्रथा है कि अपने-अपने धार्मिक लोग उसे समाज तक ही सीमित रखकर मनाया जाता है। परंतु पूरे विश्व में शायद यह पहली बार हुआ होगा की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूरी दुनियां ने एक होकर का भारी उत्साह से मनाया जो अविस्मणिया पल बन गया, इस दिन को हजारों वर्षो पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा जैसे हजारों वर्ष पूर्व मूलत अयोध्या में 14 वर्षों के वनवास के बाद प्रथम बार प्रभु श्री राम अयोध्या आए थे तो उनका जोरदार स्वागत हुआ था हुआ था, जिसकी पुनरावृत्ति समय चक्र ने पूरी पारदर्शिता के साथ कर दी है। इसको हजारों वर्षों पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। चूंकि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की अविस्मरणीय बल्कि साक्षी पूरी दुनियां बन गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश-विदेश के हर मंदिर में गजब का उत्साह, पूरी दुनियां में भजन कीर्तन से झूम उठे भक्तगण।

साथियों बात अगर हम इस अविस्मणीय पल की साक्षी अमेरिका सहित पूरी दुनिया की करें तो, अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विराजने की खुशी केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले ही रविवार (21 जनवरी, 2024) को लोग प्रभु राम के रंग में नजर आए।न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भगवान राम की तस्वीर देख भारतीय प्रवासी झूम उठे। परदेश में अपने देश की सांस्कृतिक विरासत और सनातन पर गर्व करते हुए श्री राम के भजन गाए और जयकारे लगाए। यहाँ भारतीय लोग पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने, हाथों में राम जी की तस्वीर वाले भगवा झंडे लिए, झूम-झूम के रामलला का गुणगान कर रहे थे। इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों संग एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम' जयकारा लगाता नजर आए।इस संबंध में यूके में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, भारतीय प्रवासियों ने राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शानदार उत्सव के साथ टाइम्स स्क्वायर को रौशन किया। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए लोगों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हुए जीवंतता और एकता के साथ भजन और गीत गाए।अमेरिकी मेयर ने दी शुभकामनाएँवहीं अमेरिका में मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर शहर के मेयर जो पेटी ने भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए हिंदू समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वो इस मौके पर खुद भी मौजूद रहे।बताते चलें कि केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य मुल्कों में भी राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यूके, फ्राँस, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में मंदिरों खास कार्यक्रम और कार रैलियाँ हो रही हैं।नेपाल के जनकपुर में सीताजी के मायके में प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर को रोशनी से सजाया गया है। मॉरिशस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 2 घंटे का स्पेशल ब्रेक है। मॉरिशस के सारे मंदिर में दीए जलाए जाएँगे। सभी में राम के नाम का जाप होगा।प्राण प्रतिष्ठा से पहले ताइवान के इस्कॉन में रविवार भजन-कीर्तन किया गया। वहीं इंग्लैंड के मंदिरों में खास कार्यक्रम और कार रैलियाँ हो रही है तो फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर तक बड़ी रामरथ यात्रा निकाली जा रही है। यहीं नहीं इससे पहले विश्व कल्याण का यज्ञ भी हुआ।कनाडा के ओन्टारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे का ऐलान किया है। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि राम मंदिर बनने से हिंदुओं का सदियों पुराना सपना पूरा हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया में भी मंदिरों में खास कार्यक्रम और रैलियाँ की जा रही है।

साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा समारोह माननीय पीएम से कराया गया जिसमें अपने संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, आज जिस तरह राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन से पूरा विश्व जुड़ा हुआ है, उसमें राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हो रहे हैं। जैसा उत्सव भारत में है, वैसा ही अनेकों देशों में है। आज अयोध्या का ये उत्सव रामायण की उन वैश्विक परम्पराओं का भी उत्सव बना है। रामलला की ये प्रतिष्ठा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार की भी प्रतिष्ठा है।प्रभु श्रीराम की हमारी पूजा, विशेष होनी चाहिए। ये पूजा, स्व से ऊपर उठकर समष्टि के लिए होनी चाहिए। ये पूजा, अहम से उठकर वयम के लिए होनी चाहिए। प्रभु को जो भोग चढ़ेगा, वो विकसित भारत के लिए हमारे परिश्रम की पराकाष्ठा का प्रसाद भी होगा। हमें नित्य पराक्रम, पुरुषार्थ, समर्पण का प्रसाद प्रभु राम को चढ़ाना होगा। इनसे नित्य प्रभु राम की पूजा करनी होगी, तब हम भारत को वैभवशाली और विकसित बना पाएंगे।त्रेता में राम आगमन पर तुलसीदास जी ने लिखा है- प्रभु बिलोकि हरषे पुरबासी। जनित वियोग बिपति सब नासी। अर्थात, प्रभु का आगमन देखकर ही सब अयोध्यावासी, समग्र देशवासी हर्ष से भर गए। लंबे वियोग से जो आपत्ति आई थी, उसका अंत हो गया। उस कालखंड में तो वो वियोग केवल 14 वर्षों का था, तब भी इतना असह्य था। इस युग में तो अयोध्या और देशवासियों ने सैकड़ों वर्षों का वियोग सहा है। हमारी कई-कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है। भारत के तो संविधान में, उसकी पहली प्रति में, भगवान राम विराजमान हैं। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का, जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्याय बद्ध तरीके से ही बना।आज अयोध्या में, केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है। ये श्रीराम के रूप में साक्षात् भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है। ये साक्षात् मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। इन मूल्यों की, इन आदर्शों की आवश्यकता आज सम्पूर्ण विश्व को है। सर्वे भवन्तु सुखिनः ये संकल्प हम सदियों से दोहराते आए हैं। आज उसी संकल्प को राममंदिर के रूप में साक्षात् आकार मिला है। ये मंदिर, मात्र एक देव मंदिर नहीं है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, राम भारत का आधार हैं। राम भारत का विचार हैं, राम भारत का विधान हैं। राम भारत की चेतना हैं, राम भारत का चिंतन हैं। राम भारत की प्रतिष्ठा हैं, राम भारत का प्रताप हैं।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 24 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### आजमगढ़ में चार आरोपियों को दस वर्ष की सजा

आजमगढ। आजमगढ़ कोर्ट ने गैर ईरादतन हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने चार आरोपियों को दस दस वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि मृतक की पत्नी को देने का आदेश दिया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नंबर 6 रामानंद ने मंगलवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार वादिनी कौशल्या पत्नी अर्जुन निषाद ग्राम टीकापुर थाना तहबरपुर की निवासिनी है। वादिनी के पति अर्जुन निषाद 30 मई 2021 की शाम लगभग सात बजे टीकापुर बाजार में दवा लेने गए थे। जब अर्जुन एक दुकान पर अंडा खा रहे तब गांव के ही आकाश यादव पुत्र रामायन यादव,गोविंद उर्फ पुनीत पुत्र राजेंद्र यादव वहां आ गए तथा गाली गुप्ता देते हुए अर्जुन निषाद को लाठी डंडा से मारा पीटा। अर्जुन निषाद ने इसकी सूचना थाने पर दी। थाने से इलाज के लिए अस्पताल जाते समय आकाश यादव ,गोविंद उर्फ पुनीत, रामायन यादव पुत्र लालचंद,राजेंद्र यादव पुत्र दहारी भी वहीं आ गए।चारो आरोपियों ने अपनी मैजिक गाड़ी से अर्जुन निषाद को धक्का मार दिया। जिससे मौके पर ही अर्जुन की मौत हो गई।

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कासगंज। कासगंज के जिला कारागार का आज जिलाधिकारी सुधा वर्मा और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जेल अधीक्षक के साथ मिलकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जेल में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह को निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह के साथ जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं डीएम-एसपी ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त रूप से जिला कारागार मे बंदी पाकशाला, अस्पताल वार्ड, क्रीड़ास्थल और बैरिकों का निरीक्षण किया। बैरिकों और अस्पताल वार्ड में साफ-सफाई दुरुस्त करने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी सुधा वर्मा ने जिला कारागार मे बंदियों के लिए भोजन और साफ-सफाई व्यवस्था पर संतुष्टि जताई। जेल की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सुधा वर्मा ने जेल कारागार के मॉनीटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए बंदी महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

चंदौली। चंदौली जिला मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति पार्क में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने भारत जोड़ों यात्रा के दौरान हमले को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया कि असम में केंद्र सरकार की साजिश के तहत राहुल गांधी के काफिले पर हमला किया गया। कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर में शुरू हुई थी। सफलता पूर्वक मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरी है। अब असम में प्रवेश कर गई है। लोगों के दिलों को छूने वाली यह यात्रा हमारे देश में युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर रहने वाले लोगों के लिए सफलतापूर्वक न्याय की मांग कर रही है। कहा कि अफसोस की बात यह है कि भाजपा विशेष रूप से असम में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में हम भारत जोड़ों न्याय यात्रा काफिले पर योजनाबद्ध हमले और इन उपद्रवियों द्वारा हमारी यात्रा के पोस्टरों को फाड़ने की घटनाएं हुई है।

### बिजनौर में खेत में मिला गुलदार का शव

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा इलाके में एक गुलदार का शव खेत में पड़ा मिला। गुलदार के शव को देखने के लिए आसपास के लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा होगा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरअसल इन दिनों बिजनौर जिले में गुलदार की दस्तक से लोग सहमे हुए हैं। लगातार गुलदार आबादी व जंगल में दिखाई दे रहा है, जिससे किसान खेती करने जाने से भी अब डर रहे हैं। साथ ही गुलदार के हमले से पिछले साल एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कई गुलदार पकड़े जा चुके हैं, लेकिन गुलदार का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिजनौर के स्योहारा इलाके का है, जहां मंगलवार को ग्राम पालनपुर में ग्रामीणों को बलवीर सिंह के खेत में एक गुलदार का शव दिखाई दिया। गुलदार के शव को सूचना पर वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे दरोगा विजय भारत और एसडीओ अंसुमन मित्तल और रेंजर गोविंद राम गंगवार ने मौके का मुआयना किया। गुलदार के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मुजफ्फरनगर में मुठभेड़, 3 बदमाश गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में थाना शाहपुर पुलिस की पलडी बाईपास पर दो बाइक सवार पांच बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश मौके से भाग गया। एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि इस गैंग ने कुछ दिन पूर्व भारत फाइनेंस के कर्मचारियों से साढ़े तीन लाख रुपये व अन्य सामान लूटा था। मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने पलड़ी बाईपास के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार पांच बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। घेराबंदी करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश प्रवीण उर्फ लड्डू ग्राम रुहासा थाना दौराला जनपद मेरठ घायल हो गया। पुलिस ने उसके साथी सुमित राणा निवासी ग्राम इनायतपुर थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद, रणधावा सिसोदिया ग्राम खटाना थाना जारजा जनपद गौतमबुद्ध नगर, प्रवीण निवासी खोकनी थाना ककरोली को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

लखनऊ, 23 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। सीएम योगी ने यह बातें मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर कहीं। उन्होंने परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है। सीएम ने कहा कि सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है।

# मेरठ में 20 हजार बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई

मेरठ। मेरठ में भामाशाह पार्क में 20 हजार स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का सन्देश दिया। इसके बाद बच्चों को ट्रैफिक नियम का पालन करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, यातायात विकास विभाग, मेरठ विकास प्राधिकरण, नगर निगम, मिशिका एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी व रोटरी क्लब का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा-2024 के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान व सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शहर के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भामाशाह पार्क में एकत्र होकर मानव श्रृंखला बनाकर एक नया संदेश दिया। डीएम दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण व मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने मतदाता जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शपथ दिलाई।

### युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस

भामाशाह पार्क में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाई गई। बच्चों को नेताजी सुभाष चंद बारे में बताते हुए कहा 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में जानकीनाथ बोस और प्रभावतीदत्त बोस के घर पर सुभाषचन्द्र बोस का जन्म हुआ था। नेताजी आज भी देश के करोड़ों युवाओं के आदर्श और प्रेरणा श्रोत हैं। नेता जी जीवन की चुनौतियों को स्वीकारना जानते हैं। सदियों से कहावत रही है कि 'पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं' जिसका बेहतरीन उदाहरण सुभाषचन्द्र बोस हैं। भारत प्रेरणाओं वाला देश है।

# कानपुर देहात में सेना से सेवानिवृत्त हवलदार की मौत

## बेटी ने एक रिश्तेदार पर लगाया हत्या का आरोप

एजेंसी

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना क्षेत्र में सेना के सेवानिवृत्त हवलदार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हवलदार की बेटी ने एक रिश्तेदार पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कानपुर देहात के ग्राम जिनई निवासी विक्रम सिंह पाल (48) सेना में हवलदार थे।

वह घर में अचेत पड़े मिले। इसी बीच झींझक से घर पहुंची बेटी गोल्डी उन्हें एक रिश्तेदार की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई। यहां पर डॉक्टर ने विक्रम सिंह मृत घोषित कर दिया।

पिता की मौत की जानकारी बेटी ने पुलिस को दी। बेटी ने एक रिश्तेदार को पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराकर हत्या का आरोप लगाया। वहीं कुछ लोगों ने विक्रम के बीमार होने की जानकारी दी। वही पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक ने बताया कि पूर्व हवलदार की अकबरपुर में संदेहजनक अवस्था में मौत होने की सूचना मिली थी। बेटी गोल्डी ने पिता की हत्या का संदेह जताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पति ने गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर पत्नी को मार डाला

## दुपट्टे से गला दबाया; ई-रिक्शे से ले जाकर नाले में फेंक दिया

मेरठ। मेरठ में प्यार में रोड़ा बन रही पत्नी को पति ने मौत के घाट उतार दिया। पति ने 10 साल छोटी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों ने मिलकर लाश को नाले में फेंक दिए। 20 दिन तक जब पड़ोसियों को महिला नहीं दिखी, तो उन्होंने महिला के मायके में सूचना दी। मायके वालों ने पुलिस को बताया। पुलिस ने महिला के अचानक गायब होने के बाद पति को पूछताछ के लिए उठाया। सख्ती हुई तो लव मैरिज के लिए पत्नी की हत्या की पूरी कहानी सामने आ गई। मोबाइल लोकेशन और चैट सामने आने के बाद पुलिस ने नाबालिग प्रेमिका को भी हिरासत में लिया है।

शादी, अफेयर और हत्या की इस कहानी की शुरुआत 3 साल पहले होती है। इसका मुख्य किरदार नाजिम मूल रूप से बुलंदशहर लोहरा गांव का रहने वाला है। एक फैक्ट्री में काम करता है। 3 साल पहले उसकी शादी आशमां से होती है। वह उसको लेकर मेरठ आ जाता है। यहां काम करने लगा।



कुछ दिन बाद सोनीपत की फैक्ट्री में काम करने चला गया। सोनीपत में उसका अफेयर बिजनौर की रहने वाली एक लड़की से हो गया। लड़की नाजिम से 10 साल छोटी थी। नाजिम अपनी प्रेमिका को लेकर मेरठ लौट आया। यहां उद्योगपुरम की फैक्ट्री में ई-रिक्शा चलाने लगा। प्रेमिका को भी पत्नी के साथ लिव-इन में एक मकान में रख लिया।

### पत्नी को छोड़कर प्रेमिका संग रहना चाहता था

पड़ोसियों ने बताया कि आए दिन नाजिम, प्रेमिका और पत्नी आशमां के बीच झगड़ा होता था। दोनों मिलकर आशमां को परेशान करते थे। अक्सर घर से लड़ाई-झगड़े की आवाजें आती थीं। आशमां पति की जिंदगी में दूसरी औरत बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। नाजिम अपनी प्रेमिका को छोड़ने को राजी नहीं था। दोनों शादी करना चाहते थे। इसमें पत्नी आशमां रोड़ा बन रही थी।

### पड़ोसियों ने मायके में दी सूचना

20 दिनों से पड़ोसियों ने आशमां को नहीं देखा तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने आशमां के घरवालों को बताया कि कुछ गड़बड़ है। पड़ोसियों ने ही आशमां की बहन मुस्कान जो हापुड़ में रहती है उसे बताया कि आशमां दिख नहीं रही।

# यूपी में 15.30 करोड़ वोटर्स

## वोटर लिस्ट में 57 लाख 3 हजार 304 नए नाम जुड़े; 15 लाख से अधिक युवा मतदाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इस बार करीब 26 लाख मतदाताओं बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख 3 हजार 304 लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख 19 हजार 121 लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं (18 साल की आयु) की संख्या 15 लाख 57 हजार है।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रिणवा ने आगामी चुनाव और मतदाता सूची के बारे में पूरी जानकारी दी।

### सभी राजनीतिक दलों को भेजा गया वोटर लिस्ट का डाटा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक 1 जनवरी 2024 तक जो भी व्यक्ति 18 साल की आयु पूरी कर चुका है। उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। इसका डाटा सभी मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों को दे दिया गया है। हमने सभी राजनीतिक दलों से कहा था कि बूथ लेवल के अपने कार्यकर्ताओं को हमारे साथ भेजें। ताकि वोटर लिस्ट में सहयोग लिया जा सके। साथ ही सूचीवार तरीके से डाटा तैयार किया जा सके।



### 18 मंडलायुक्तों को रोल प्रेक्षक बनाया गया

नवदीप रिणवा ने बताया, प्रदेश में कुल 1 लाख 62 हजार 12 मतदेय स्थल हैं। इस बार सभी 18 मंडलायुक्तों को रोल प्रेक्षक बनाया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 6 अलग-अलग तारीख रखी गई थी। इससे लोगों को जोड़ने के लिए 4, 5, 25,26 नवंबर और 2, 3 दिसंबर तक अभियान चला।

इसके साथ ही युवाओं को जोड़ने के लिए मैं हूं ना कार्यक्रम भी चलाया गया। वहीं जरूरी और एवं छूटे हुए दिव्यांग, बेघर, पी वी टी जी , सेक्स वर्कर्स और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### महिला और पुरुष का अनुपात सुधरने पर चुनाव आयोग का फोकस

इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यूपी में पुरुष वोटरों की बात करें तो 25 लाख 77 हजार 967 और महिला वोटरों की संख्या 31 लाख 24 हजार 901 है। जबकि ट्रांसजेंडर की संख्या 436 है।

### प्रेमी के संग फरार युवती का सुराग नहीं

बरेली। बरेली में 19 साल की युवती का सुराग नहीं लगा। युवती की मां ने पुलिस से गुहार लगाते हुए बेटी की बरामदगी की मांग की है। वहीं युवती और उसके प्रेमी का मोबाइल फोन बंद है। पुलिस प्रेमी युगल की तलाश में दबिश दे रही है। युवती का कहना है कि मेरी बेटी के साथ अनहोनी न हो जाए। बरेली में प्रेमनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी युवती अपने प्रेमी से बात करती थी। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि 19 साल की बेटी प्रेमनगर थाना क्षेत्र में काम करती थी। वहीं पर आरोपी युवक भी काम करता था। युवक उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। युवती की मां का यह भी आरोप है कि उसकी बेटी अपने साथ एक मोबाइल फोन भी ले गई। युवती चोरी छिपे मोबाइल से अपने प्रेमी से बात करती थी। कई बार उससे मना किया, लेकिन वह नहीं मानी। पीड़िता की मां ने पुलिस से बेटी की बरामदगी की मांग की है।

# चित्रकूट में दुकान में लूटपाट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

चित्रकूट। चित्रकूट में विधवा महिला की दुकान में घुसकर लूटपाट करने एवं मारपीट करने के मामले का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। पुलिस ने झांसी के रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लूट गया सामान भी बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 17-18 जनवरी की रात मारकुंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारकुंडी बाजार की निवासी ममता गुप्ता पत्नी स्व रमाकांत गुप्ता के घर में स्थित जनरल स्टोर की दुकान में बदमाशों ने मारपीट करते हुए दुकान का सामान लूट लिया था।

मामले के खुलासे के लिए उन्होंने मारकुंडी थाना प्रभारी व एसओजी प्रभारी को लगाया था। जिसके बाद इन दोनों टीमों ने झांसी जिले के मऊ रानीपुर थाने के नई बस्ती निवासी कल्लू पठान उर्फ छपरी व मनीष मौर्य को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चाकू लूटे गए 12500 रुपए, सोने चांदी के जेवर और मोबाइल आदि सामान बरामद हुआ है।

### लूटा हुआ सामना लेने आए तो पकड़े गए

बरामद किए गए सामान के बारे में पीड़ित ने बताया है कि ये उसकी दुकान का ही समान है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ बीती 17-18 जनवरी को मारकुंडी बाजार में एक महिला के घर में स्थित दुकान में लूटपाट की थी।

साथ में लूट में मिले माल को अन्य लोगों ने यही छुपा दिया था। जिसे लेने के लिए वह आए थे और पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी में मारकुंडी थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य मार्च, नितेश समाधिया, सतीश कुमार, शिवलाल, राघवेंद्र सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने रामविलास हत्याकांड की खुलासा, 4 गिरफ्तार

## मारपीट का बदला लेने के लिए दी थी घटना को अंजाम

गाजीपुर। गाजीपुर में स्वाट, सर्विलांस और पुलिस द्वारा बीते 18 जनवरी को लाठी से पीटकर रामविलास कन्नौजिया की हत्या मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामविलास की हत्या उस वक्त हुई थी जब वह सब्जी बेचने मंडी जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि बन्तरा पुल हाईवे के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेवसा हाईवे के पास बीते दिनों रामविलास कन्नौजिया की मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपी चीनी मिल मन्दिर के पास एकत्रित है। जिसमें दो मोटर साईकिल से कुल 5 लोग मौजूद है।

इस सूचना पर पुलिस टीम जैसे ही उनके करीब पहुंची कि पांचों व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागने का प्रयास किये। पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर मौके से 4 लोगों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। जबकि एक व्यक्ति कोहरा व झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक रक्त रंजित चारपाई की बांस की पाटी, एक बास की लाठी और 2 मोटर साईकिल तथा एक देशी तमंचा बरामद हुआ है।

### बदला लेने के लिए दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

पकड़े गये आरोपी सतीश ने पूछताछ में बताया कि छठ त्यौहार के दिन मुझे मेरे गांव के रामविलास कन्नौजिया के दरवाजे पर गांव के पासी बिरादरी के लड़कों द्वारा मारा पीटा गया था। उस समय मौके पर रामविलास कन्नौजिया भी मौजूद था। लेकिन उसने मुझे उन लोगों से नहीं बचाया था, मुझे उस समय ऐसा लगा था कि यह मारपीट की घटना राम विलास कन्नौजिया ने ही करवाया था। तभी से मैं बदला लेने के लिए अपने दोस्तों से वार्ता कर रहा था।




तभी से हम लोग राम विलास को मारने के लिए प्लान बना रहे थे। लेकिन सही समय नहीं मिल पा रहा था। वारदात के एक दिन पूर्व मैं अपने मशीन पर मछली बनाया था।

वहीं पर हम पांचों लोग पूर्व योजना के अनुसार अपने दोस्तों को दावत दिये। वहीं पर खाने पीने के बाद योजना बनाई गयी थी कि प्रात: राम विलास कन्नौजिया सब्जी बेचने के लिए अकेले मोटर साइकिल से नन्दगंज मण्डी जायेगा। उसी समय उसका काम तमाम कर दिया जायेगा। सभी लोग तैयार हो गये और अगले दिन हमारे दोस्त अखिलेश विश्वकर्मा, दीपक यादव, गोलू यादव उर्फ रमन यादव व भागा हुआ दोस्त जशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव मौजूद रहे। मैं तथा अखिलेश विश्वकर्मा अपने मोटरसाइकिल से तथा गोलू यादव, दीपक यादव तथा यशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव दूसरे मोटर साइकिल से थे। योजना के अनुसार हम सभी लोग रेवसा कट हाइवे के पास रुककर राम विलाश कन्नौजिया के आने का इन्तजार करने लगे।

### बहराइच में होमगार्ड जवान की हादसे में मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के फखरपुर थाने से ड्यूटी कर वापस घर जाते समय बाइक सवार होमगार्ड जवान की रोडवेज बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी राम मूरत यादव (50) होमगार्ड के पद पर तैनात थे, उनकी ड्यूटी फखरपुर थाने में थी। सोमवार देर शाम ड्यूटी के बाद वह बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे कि लखनऊ बहराइच मार्ग पर पारले चीनी मिल के पास रोडवेज बस में बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रुप से घायल जवान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ट्रामा सेंटर में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।


# दरोगा को बदमाशों ने सीने में गोली मारी

## आर-पार हुई बुलेट...आईसी में भर्ती; चोरी की गाड़ी पकड़ने के लिए 10 किमी पीछा किया

मेरठ। मेरठ में सोमवार देर रात बदमाशों ने चौकी प्रभारी मुनेश सिंह के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह गिर पड़े। काफी खून बह गया। पुलिसकर्मी आनन-फानन में चौकी प्रभारी को अस्पताल ले गए। फिलहाल, उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उनका गाजियाबाद के कौशांबी स्थित मैक्स हॉस्पिटल में आईसी में इलाज चल रहा है।

दरोगा के सीने से गोली आर-पार हुई है। मंगलवार को उनका ऑपरेशन किया गया। वारदात उस वक्त हुई, जब दरोगा पुलिस टीम के साथ चोरी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। पुलिस ने बदमाशों को घेरा, तो पहले पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी। फिर फायरिंग शुरू कर दी। पूरी वारदात हाईवे चौकी इलाके के डिफेंस कॉलोनी की है।

वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि 49 साल के मुनेश सिंह को छाती के दाहिनी ओर गोली लगी थी। यहां लाने से पहले उनका मेरठ के एक अस्पताल में इलाज किया गया था। उनकी सर्जरी की गई है। मगर, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



### जिस गाड़ी को बदमाशों ने लूटा उसमें जीपीएस लगा था

वारदात सोमवार रात कंकरखेड़ा क्षेत्र के एसआर मंडप के बाहर की है। यहां बुलंदशहर के खुर्जा निवासी सोनू सैनी दरवाजा लॉक करके कार के अंदर सो रहे थे। रात डेढ़ बजे तीन बदमाश आए। बदमाशों ने कार की विंडो खुलवाई। इसके बाद गन पॉइंट पर कार का दरवाजा खुलवाया। इसके बाद उसकी कार, मोबाइल और नकदी लूट ली। फिर कार लेकर भाग गए। इसके बाद सोनू ने शोर मचाया। शोर सुनकर मंडप स्टाफ के लोग बाहर आए।

उन्होंने हाईवे पुलिस चौकी को वारदात की सूचना दी। उस वक्त दरोगा मुनेश सिंह अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे।

मुनेश सिंह मौके पर पहुंचे तो सोनू ने बताया कि उसकी कार में जीपीएस लगा हुआ है। इसके बाद मुनेश सिंह ने जीपीएस से कार को ट्रैक किया। इसके बाद पुलिस टीम के साथ कार का पीछा करने लगे। बदमाशों का करीब 10 किमी. तक पीछा किया।

## शार्ट न्यूज

### भारत में ग्रामीण उद्यमियों में कर, पूंजी के मुद्दों की जानकारी की कमी : सर्वेक्षण

नयी दिल्ली। भारत के ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों के लिये कर की जटिलता, न्यूनतम पूंजी की आवश्यकता और ई-कामर्स के प्रति जागरुकता की कमी बड़ी चुनौतियों में शामिल हैं। यह बात भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) द्वारा सामाजिक-आर्थिक पहल के रूप में किये गये एक सर्वे से सामने आयी है। बीवाईएसटी की मंगलवार को जारी इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कर के प्रबंधन और करों को दाखिल करने की जटिलतायें (43 प्रतिशत), संबंधित लागत, समय की ज़रूरत और न्यूनतम पूंजी निवेश (43 प्रतिशत) के बारे में जागरूकता की कमी और माल एवं सेवा कर जीएसटी की पेचीदगियों (28 प्रतिशत) के बारे में जानकारी की कमी ग्रामीण उद्यमियों के लिये प्रमुख चुनौतियों के रूप में सामने आयी हैं। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, इस सर्वेक्षण में एक और महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आया है कि 60 प्रतिशत ग्रामप्रेन्योर्स डिजिटल भुगतान की विधि को अपनाते हैं और केवल 26 प्रतिशत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हैं, जो डिजिटल तरीके को अपनाने की प्रक्रिया में बड़े अंतर को उजागर करता है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य है, उन चुनौतियों का समाधान करना, जो नए दौर के भारत में डिजिटलीकरण की क्षमता का दोहन करते हुये ग्रामीण उद्यमियों को स्थायी उद्यम स्थापित करने और चलाने में बाधा डालती हैं।

### चंद्रशेखर ने किया चिप डिजाइन सेंटर का उद्घाटन

नोएडा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को नोएडा के डीएलएफ टेक पार्क में सिनोप्सिस के चिप डिजाइन सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ''हम इस समय अत्यंत रोमांचक दौर में हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अपने 30-35 साल के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कदम बढ़ाते देखना निश्चित तौर पर रोमांचकारी है। आगामी दशक में हमारे डिवाइसेस, प्रोडक्ट्स और सिस्टम में नवाचार संचालित परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज नवाचार और विकास के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रौद्योगिकी, इसकी गति और अधिक रॉ मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर प्रक्रियाओं पर इसकी निर्भरता को लेकर काफी कुछ पारंपरिक ज्ञान है। प्रदर्शन और विनिर्माण प्रक्रियाओं दोनों को फिर से लिखा जा रहा है। यह सब जितना सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के बारे में है उतना ही इनोवेशन पैकेजिंग, डिजाइन और इनोवेशन का संचालन करने वाले सॉफ्टवेयर के बारे में है।'' मंत्री ने कहा कि सिनोप्सिस जैसी दुनिया की अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करना भारत की आकांक्षाओं और भविष्य के प्रक्षेप-पथ के साथ सहजता से मेल खाता है।

### सूरजमुखी तेल और अरहर दाल सस्ती

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और अरहर दाल सस्ती हो गई जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट चढ़कर 3957 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 47.97 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 72 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स के बेड़े में 108 आइशर स्मार्ट ट्रक शामिल

नयी दिल्ली। अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड (एपीएमएल) ने अपने बेड़े में 108 नए आइशर प्रो 2059 एक्सपी स्मार्ट वाहनों को शामिल करने की आज घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे बेहतरीन सेवाएं देने की उसकी प्रतिबद्धता को बाल मिला है। यह खरीद वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड(वीईसीवी) से की है। एपीएमएल की भाविष्य में भी ऐसे वाहनों के अधिग्रहण के लिए आइशर के साथ साझेदारी जारी रखने की योजना है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रमेश अग्रवाल ने कहा कि एपीएमएल इस अधिग्रहण को बेहतर पुनर्वास सेवाएं देकर राष्ट्र के हित में योगदान करने की एक छोटी सी कोशिश मानता है। कंपनी का दृष्टिकोण व्यावसायिक सफलता से परे उन लोगों की भलाई और खुशी में है, जिनकी वह सेवा करता है। परंपरा और आधुनिकता के बेहतर तालमेल के साथ, कंपनी विश्वसनीय, सुरक्षित और कुशल सेवाएं देने की अपनी विरासत को जारी रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि ये नए अधिग्रहीत स्मार्ट आइशर वाहन ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के मकसद से डिज़ाइन की गई उन्नत सुविधाओं का दावा करते हैं। जिनमें मार्ग के झटकों और उतार-चढ़ाव से मूल्यवान वस्तुओं को संतुलित और सुरक्षित रखने के लिए लकड़ी के फर्श बनाएं गए हैं।

### हरियाणा के झुंपा गांव में वितरित किए कुटीर उद्योग के लिए टूल किट

नयी दिल्ली। अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर हरिणाणा में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की ओर से आयोजित एक विषेश कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत लोगों को रोजी-रोजगार में मदद के लिए 120 विद्युत चालित चाक, 350 धुमक्खीपालन-बॉक्स और 115 टूलकिट वितरित किए गए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को पावन अवसर पर झुंपा गांव में श्री राम महोत्सव और खादी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों कारीगरों, लाभार्थियों और स्थानीय लोगों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद बिप्लब कुमार देब मुख्य अतिथि थे।

# बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार हलकान

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के शेयरों के छह प्रतिशत से अधिक तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार हलकान रहा।

सोनी इंडिया के साथ विलय प्रस्ताव के रद्द होने से जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में करीब 33 प्रतिशत की भारी गिरावट से भी बाजार पर दबाव बना। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1053.10 अंक अर्थात 1.47 प्रतिशत का गोता लगाकर एक महीने के निचले स्तर 70,370.55 अंक पर आ गया। इससे पहले यह पिछले वर्ष 19 दिसंबर को 70437.19 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 333 अंक यानी 1.54 प्रतिशत लुढ़ककर 21,238.80 अंक पर रहा।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 2.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,247.84 अंक और स्मॉलकैप 2.79 प्रतिशत टूटकर 43,378.40 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2991 में बिकवाली जबकि 938 में लिवाली हुई वहीं, 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में हेल्थकेयर समूह की 1.07 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 19 समूह भारी गिरावट में रहे। इस दौरान रियल्टी समूह ने सबसे अधिक 5.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही सर्विसेज 4.06, धातु 3.97, तेल एवं



गैस 3.96, ऊर्जा 3.70, कमोडिटीज 3.02, सीडी 2.63, एफएमसीजी 1.83, वित्तीय सेवाएं 2.48, इंडस्ट्रियल्स 2.39, आईटी 0.75, दूरसंचार 1.01, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 1.55, बैंकिंग 2.11, कैपिटल गुड्स 2.52, कंज्यूमर डयूरेबल्स 2.05, पावर 1.71 और टेक समूह के शेयर 0.43 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.06 और जापान का निक्केई 0.08 प्रतिशत गिर गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 2.63 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 445 अंक की तेजी के साथ 71,868.20 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 72,039.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, दोपहर के पहले से शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार लुढ़कता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 70,234.55 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 71,423.65 अंक के मुकाबले 1.47 प्रतिशत गिरकर 70,370.55 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 145 अंक मजबूत होकर 21,716.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,750.25 अंक के उच्चतम जबकि 21,192.60 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,571.80 अंक की तुलना में 1.54 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,238.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 5.87, एसबीआई 4.19, हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.81, एचडीएफसी बैंक 3.45, बजाज फाइनेंस 3.16, टाटा स्टील 2.84, एक्सिस बैंक 2.84, एशियन पेंट 2.62, एलटी 2.36, टाटा मोटर्स 2.27, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.18, रिलायंस 2.11, आईटीसी 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.85, एनटीपीसी 1.83, विप्रो 1.72, टेक महिंद्रा 1.47, एचसीएल टेक 1.36, अल्ट्रासिमको 1.36, टाइटन 1.26, कोटक बैंक 1.23, मारुति 1.13, नेस्ले इंडिया 0.72 और इंफ़ोसिस 0.40 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फ़ार्मा 4.05, भारती एयरटेल 3.37, आईसीआईसीआई बैंक 2.10, पावरग्रिड 0.27, बजाज फिनसर्व 0.13 और टीसीएस के शेयर 0.03 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट देश को विकसित भारत की ओर ले जा सकते हैं : प्रो श्रीवास्तव

नयी दिल्ली। विश्विविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा है कि उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की सोचने की प्रक्रिया और मानसिकता उत्कृष्ट है तथा यह देश को 'विकसित भारत' की ओर ले जा सकते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा अपने बोर्ड ऑफ स्टडीज (अकादमिक) के माध्यम से यहां आज संपन्न दो दिवसीय वाणिज्य और लेखा (एनईएस-सीए) पर एक राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन में प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि आईसीएआई वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से, भारत अगले पांच वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और नैतिक क्षमताओं के एकीकृत विकास को बढ़ावा देते हुए शिक्षा के लिए एक



बहु-विषयक दृष्टिकोण की वकालत करती है। यह संस्थान बौद्धिक और नैतिक दक्षताओं को बढ़ाने वाली व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करके इस दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने आगे कहा कि यूजीसी उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई) के साथ मिलकर काम कर रहा है और हाल ही में सभी स्तरों पर उच्च शिक्षा में कौशल को एकीकृत करने और उच्च में अल्पकालिक उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम) शुरू करने के लिए आधार तैयार करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

उन्हांने कहा हमें लेखांकन पेशेवरों के बीच एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है जो वैश्विक नौकरी बाजार की आवश्यकताओं से मेल खाने वाले कई कौशल से लैस हों। लेखांकन पेशेवरों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी सूचना प्रौद्योगिकियों में कुशल होना होगा।

आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि ऐसे देश में जहां छात्र तेजी से वाणिज्य शिक्षा की ओर आकर्षित हो रहे हैं, एनईएस-सीए 2024 शैक्षणिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में उभर रहा है, जो वाणिज्य शिक्षा को सबसे आगे ले जा रहा है।

उन्होंने दोहराया कि आईसीएआईआई का उद्देश्य वाणिज्य स्नातकों को गतिशील उद्योग परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। यह शिखर सम्मेलन शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है, जो हमारे वाणिज्य स्नातकों को भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम बनाता है।

उन्होंने कहा, मैं आईसीएआई और यूजीसी के बीच परिवर्तनकारी सहयोग को देखकर रोमांचित हूं। इस साझेदारी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हमारे देश में संपूर्ण शैक्षिक परिदृश्य को नया आकार देने की क्षमता है। बोर्ड ऑफ स्टडीज के तहत आरंभ जैसी पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक छात्र अपनी वित्तीय यात्रा को नेविगेट करने के लिए मौलिक कौशल से लैस हो।

हमारा मिशन व्यक्तिगत सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है; हमारा लक्ष्य आज भारत के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है और साथ मिलकर भारत को लेखांकन विश्वगुरु बनाने का प्रयास करना है। मेरा दृढ़ विश्वास है, यही वक्त है, सही वक्त है – अब सीए पेशे के लिए नेतृत्व करने का समय, सही समय है।

## गणतंत्र दिवस पर सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधियों को विशेष आमंत्रण

नयी दिल्ली। सहकारिता को प्रोत्साहित करने के लिए इस बार राजधानी में 26 जनवरी को कर्तव्य-पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

सहकारिता मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 24 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 250 लाभार्थी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के अध्यक्ष और उनके परिजन भारत सरकार के विशेष अतिथि के रूप में इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के साक्षी बनेंगे।

बयान में कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय गणतंत्र दिवस परेड 2024 में विशेष अतिथियों की मेजबानी कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकार से समृद्धि के अपने नारे को साकार करने के लिए इस क्षेत्र के लिए देश में पहली बार अलग मंत्रालय का गठन किया है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय ने बहुत ही कम समय में 54 से अधिक महत्वपूर्ण पहल की हैं।

पैक्स का कम्प्यूटरीकरण इनमें से एक प्रमुख पहल है, जिसके तहत 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है।

अब तक, 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 12,000 से अधिक पैक्स को कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है और वे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा विकसित ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड किए जा चुके हैं।

बयान में कहा गया है कि सहकारिता क्षेत्र के विशेष अतिथि दिल्ली में 25 जनवरी को सहकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा के साथ मुलाक़ात और रात्रि भोज करेंगे।

छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड देखने के बाद शाम को वे भारत पर्व में शामिल होंगे।

सहकारिता मंत्रालय गणतंत्र दिवस पर आमंत्रित इन विशेष अतिथियों के दिल्ली प्रवास को एक यादगार अनुभव बनाने और पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना की सफलता को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्रालय का कहना है कि यह आयोजन सहभागी पैक्स को सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक नए जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगी।

## गुणवत्ता परिषद का युवा महोत्सव फरवरी में

नयी दिल्ली। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) ने युवाओं में गुणवत्ता चेतना की भावना पैदा करने के उद्देश्य से सात फरवरी को यूथ फार क्वालिटी-भारत पखवाड़ा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की है। क्यूसीआई इस 12 जनवरी से गुणवत्ता के प्रति जागरूकता पैदा करने के प्रयासों के तहत इस समय राष्ट्रीय गुणवत्ता पखवाड़ा मना रही हो जो 26 जनवरी को सम्पन्न होगा। क्यूसीआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस पहल के बाद सात फरवरी, यूथ फार क्वालिटी-भारत पखवाड़ा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता पखवाड़ा आयोजन का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। परिषद ने गुणवत्ता भारत मिशन को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए क्वालिटीभारत.क्यूसीआईएन.ओआर जी नाम से एक वेबसाइट बनायी। यह वेबसाइट इस कार्यक्रम के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में कार्य करती है, जो मिशन से जुड़ने के लिए उपलब्ध विभिन्न गतिविधियों, घटनाओं और संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। इसका उपयोग कर रहे लोग ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पहल में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और आंदोलन के नए डेवलपमेंट पर अपडेटेड रह सकते हैं।

इस वेबसाइट लॉन्च ने मिशन की गति को बढ़ा दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार इस पहल में स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी कई कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## क्लासमेट ऑल राउंडर में 4.5 लाख से अधिक छात्रों की भागीदारी

नयी दिल्ली। नोटबुक ब्रांड क्लासमेट द्वारा आयोजित क्लासमेट ऑल राउंडर में देश के 33 शहरों के 4.5 लाा से अधिक छात्रों ने भागीदारी की है।

सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 को जीवंत बनाते हुए क्लासमेट ऑलराउंडर की कल्पना और डिजाइन एक बहु-कौशल अंतर-विद्यालय चुनौती और छात्रों के समग्र कौशल विकास के लिए एक विश्वसनीय मान्यता मंच के रूप में किया गया था। 2023 संस्करण में, पिछले कुछ महीनों में देश के 33 शहरों के 2764 स्कूलों के 4.5 लाख छात्रों को शामिल करते हुए सीएआर आयोजित किया गया था। आज यहां इसका ग्रांड फिनाले आयोजित किया गया। सीबीएसई के अकादमिक निदेशक और देशभर के स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ध्वज वाहक जोसेफ इमैनुएल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह अवसर बैडमिनट खिलाड़ी साइना नेहवाल ,अभिनेता स्वानंद किरकिरे , पहलवान संगीता फोगट आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, जो




अनुभवात्मक, चर्चा-आधारित, खोज-उन्मुख और आनंददायक शिक्षा पर जोर देती है, क्लासमेट ऑलराउंडर का लक्ष्य छात्रों को शिक्षाविदों से परे बहुमुखी कौशल विकास की ओर प्रेरित करना है। सीएआर प्लेटफॉर्म, क्लासमेट द्वारा विकसित एक अद्वितीय बौद्धिक संपदा है, जो स्कूली छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, लेखन, शारीरिक फिटनेस, समूह चर्चा, सार्वजनिक भाषण, रचनात्मकता और प्रदर्शन कला सहित कई कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक पोषण आधार के रूप में कार्य करता है। इस चुनौती में तीन राउंड-स्कूल, सिटी और नेशनल फ़ाइनल में आयोजित इन कई कौशलों की प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इन कई कौशलों के कठोर मूल्यांकन के बाद, छात्रों को ऑल राउंडर स्कोर से सम्मानित किया गया, जो राष्ट्रीय प्रतिशत-आधारित स्कोर हैं। इस प्रणाली का उद्देश्य छात्रों को अपने साथियों के मुकाबले खुद को बेंचमार्क करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे ऑल राउंडर स्कोर उनके बायोडाटा में शामिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी उपलब्धि बन सके। यह कार्यक्रम स्टार स्कूल रेटिंग भी पेश करता है, जिसमें ऑल राउंडर इवेंट में समग्र छात्र भागीदारी, व्यक्तिगत छात्र स्कोर और स्कूल की बुनियादी सुविधाओं के आधार पर स्कूलों का आकलन किया जाता है। यह स्कूलों को व्यापक बुनियादी ढाँचा विकसित करने, नवाचार, इंटरैक्टिव शिक्षण, लचीलेपन और व्यावहारिक अनुप्रयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है। आईटीसी लिमिटेड के शिक्षा और स्टेशनरी उत्पाद व्यवसाय प्रभाग के मुख्य कार्यकारी विकास गुप्ता ने कहा, मैं सीएआर चैलेंज के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूं, और मैं प्रत्येक प्रतिभागी को शुभकामनाएं देता हूं। शैक्षिक यात्रा आत्म-खोज, सर्वांगीण क्षमताओं के विकास और एक पूर्ण सीखने के अनुभव से भरी हुई है। सीखने के इन नए तरीकों पर ध्यान देने और छात्रों को उनकी सर्वांगीण उपलब्धियों के लिए पहचानने के साथ-साथ समग्र विकास को प्राथमिकता देने वाले स्कूलों को पुरस्कृत करने के साथ, क्लासमेट ऑलराउंडर एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करता है जहां समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाती है।

क्लासमेट राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण को साकार करने और पूरे भारत में छात्रों के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए समर्पित है।

# यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में सस्ता हो गया पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली। (पी एम ए) मंगलवार सुबह जब पेट्रोल-डीजल के भाव में बदलाव किया गया, उसके बाद देश के कई राज्यों में ईंधन के दामों में कमी देखने के लिए मिल रही है।

पिछले 24 घंटे के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 2 डॉलर का उछाल आया है। मंगलवार (23 जनवरी) के लिए राष्ट्रीय तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कर दी है।


तेल के नए दाम जारी होने के बाद आज यूपी और बिहार समेत कई राज्यों में ईंधन के दामों में कमी देखने के लिए मिली है।

हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के महानगरों में आज भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बता दें कि जून 2017 के बाद से भारत में भी विकसित देशों के तर्ज पर रोज सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में बदलाव किया जाता है।

### यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

मंगलवार सुबह जब पेट्रोल-डीजल के भाव में बदलाव किया गया, उसके बाद देश के कई राज्यों में ईंधन के दामों में कमी देखने के लिए मिल रही है। यूपी के आईटी हब नोएडा में पेट्रोल 27 पैसे गिरकर 96.65 रुपये लीटर बिक रहा है तो डीजल 26 पैसे सस्ता होकर 89.82 रुपये लीटर हो गया है।

वहीं, राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 4




पैसे बढ़कर 96.47 रुपये लीटर तो डीजल 3 पैसे चढ़कर 89.66 रुपये लीटर बिक रहा है।

बिहार की राजधानी पटना में आज सुबह पेट्रोल 88 पैसे सस्ता होकर 107.24 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 82 पैसे की गिरावट के साथ 94.04 रुपये लीटर बिक रहा है। वहीं, राजस्थान, हरियाणा समेत कई राज्यों में भी दाम कम हुए है।

### प्रमुख शहर में पेट्रोल-डीजल का दाम

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |
| नोएडा | 96.65 | 89.82 |
| लखनऊ | 96.47 | 89.66 |
| बेंगलुरु | 101.94 | 87.89 |
| चंडीगढ़ | 96.20 | 84.26 |
| जयपुर | 108.48 | 93.72 |
| पटना | 107.24 | 94.04 |
| हैदराबाद | 109.66 | 97.82 |

### घर बैठे ऐसे पता करें आज के ताजा दाम

आप एसएमएस के जरिए भी पेट्रोल डीजल का रोज का रेट जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर RSP और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता RSP व अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर एसएमएस भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं, एचपीसीएल उपभोक्ता HPPrice व अपने शहर का कोड लिखकर 9222201122 नंबर पर भेजकर भाव पता कर सकते हैं।

## ब्लैकबेरीज़ ने एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय विजेताओं को किया सम्मानित

नयी दिल्ली। मेन्सवियर ब्रांड ब्लैकबेरीज़ ने चौथे एशियाई पैरा गेम्स में भारत की 111 पदकों की अभूतपूर्व जीत दिलाने वाले विजेताओं को आज यहां सम्मानित किया।

कंपनी ने यहां कहा कि बढ़ते रहो के प्रेरणादायक लोकाचार को अपनाते हुए, ब्लैकबेरीज़ को चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए 'ऑफिशियल सेरेमोनियल पार्टनर' के रूप में भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ अपनी साझेदारी पर बहुत गर्व है। पीसीआई के महासचिव गुरशरण सिंह की उपस्थिति में पैरालंपिक विजेताओं के सम्मानित किया गया। कंपनी ने 'ऑफिशियल सेरेमोनियल पार्टनर' बनने के लिए पीसीआई के साथ पार्टनरशिप की और मेगा इवेंट में भाग लेने वाले भारतीय दल की ड्रेस को तैयार किया। जैसा कि ब्लैकबेरी की सार्थकता पैरा-एथलीटों की अटूट आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो लगातार मुश्किलों का सामना करते हैं और बाधाओं को पार करते हैं। भारतीय दल के लिए समारोह में पहनने के लिए सूट तैयार करना गहन आकांक्षा का क्षण था। इस सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, ब्रांड ने उन सभी विजेताओं को सम्मानित किया जिन्होंने सामूहिक रूप से देश के लिए 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदक जीते।

कंपनी के सह संस्थापक एवं निदेशक नितिन मोहन ने कहा हमें इन विजेताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने सभी कठिनाइयों को पार करते हुए जीत हासिल की और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के गौरव को बढ़ाया। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सभी कठिनाइयों के खिलाफ सफलता प्राप्त करने के लिए लोगों का सम्मान और आदर प्राप्त किया है।

## शार्ट न्यूज

### बैडमिंटन रैंकिंग में सात्विक-चिराग फिर शीर्ष पर

नयी दिल्ली। पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गई। एशियाई खेलों की चैम्पियन सात्विक-चिराग की जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले वर्ष हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैम्पियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में एच एस प्रणय आठवें नंबर पर पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमश- 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं। वहीं महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी 20वें नंबर पर हैं, उनके बाद ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद 22वें स्थान पर हैं। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी 41वें नंबर पर हैं।

### जोकोविच आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में

मेलबर्न । नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये है। सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने आज यहां खेले गये मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज पर 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। उन्होंने तीन घंटे और 45 मिनट चले मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्स को हराया। उन्होंने मेलबर्न पार्क में सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा। जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था।

### दिल्ली एफसी ने रेंजर्स स्पोर्ट्स को हराया

नयी दिल्ली । आरिस खान,गायरी और तरुण स्लाथिया के गोलों से दिल्ली एफसी ने रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 3-0 से हराकर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक हासिल किए। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए औसत दर्जे के मुकाबले में रेंजर्स ने शुरुआती मिनटों में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन पिछड़ने के बाद रेंजर्स के खेल में पैनेपन की कमी नजर आई। मुकाबले में दिल्ली एफसी अपने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरी। पिछले मैचों में गढ़वाल हीरोज और रॉयल रेंजर्स के विरुद्ध आधी अधूरी टीम उतरने वाली दिल्ली एफसी आज पूरी रंगत में नजर आई। लेकिन रेंजर्स ने डट कर मुकाबला किया। आज की जीत से दिल्ली एफसी ने 14 मैचों में 21 अंक जुटा लिए हैं लेकिन खिताबी दौड़ से लगभग बाहर है। इतने ही मैचों में रेंजर्स के मात्र सात अंक हैं और रिलीगेशन का खतरा बरकरार है।

### रोहित एकदिवसीय टीम के कप्तान चुने गये

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को साल की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना है। आईसीसी के बयान के अनुसार इस टीम में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी-मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीय खिलाड़ीयों को जगह मिली है। टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उप विजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीम से हैं। टीम का चयन पिछले वर्ष हुये एकदिवसीय विश्वकप और एशियाई कप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार किया है। टीम में सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा और शुभमन गिल का चयन किया गया है। मध्य क्रम में विराट कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल, दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं।

### ब्लैकबेरीज़ ने भारतीय विजेताओं को किया सम्मानित

नयी दिल्ली। मेन्सवियर ब्रांड ब्लैकबेरीज़ ने चौथे एशियाई पैरा गेम्स में भारत की 111 पदकों की अभूतपूर्व जीत दिलाने वाले विजेताओं को आज यहां सम्मानित किया। कंपनी ने यहां कहा कि बढ़ते रहो के प्रेरणादायक लोकाचार को अपनाते हुए, ब्लैकबेरीज़ को चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए 'ऑफिशियल सेरेमोनियल पार्टनर' के रूप में भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ अपनी साझेदारी पर बहुत गर्व है। पीसीआई के महासचिव गुरशरण सिंह की उपस्थिति में पैरालंपिक विजेताओं के सम्मानित किया गया। कंपनी ने 'ऑफिशियल सेरेमोनियल पार्टनर' बनने के लिए पीसीआई के साथ पार्टनरशिप की और मेगा इवेंट में भाग लेने वाले भारतीय दल की ड्रेस को तैयार किया। जैसा कि ब्लैकबेरी की सार्थकता पैरा-एथलीटों की अटूट आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो लगातार मुश्किलों का सामना करते हैं और बाधाओं को पार करते हैं। भारतीय दल के लिए समारोह में पहनने के लिए सूट तैयार करना गहन आकांक्षा का क्षण था।

### केएल राहुल नहीं करेंगे विकेटकीपिंग: द्रविड़

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। द्रविड ने आज यहां पहले टेस्ट मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, राहुल इस श्रृंखला में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे और हम इस चयन के बारे में स्पष्ट हैं। द्रविड़ ने कहा कि यह फैसला पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की अवधि और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा, हमने दो अन्य विकेटकीपरों को चुनाव किया है। राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने में बड़ी भूमिका निभाई। लेकिन पांच टेस्ट मैचों को ध्यान में रखते हुए और इन परिस्थितियों में खेलने पर चयन दो अन्य विकेटकीपरों के बीच होगा। ऐसा माना जा रहा है कि भरत के अनुभव और प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें इंग्लैंड श्रृंखला में विकटकीपर की भूमिक मिल सकती है।

### कोको महिला एकल के सेमीफाइनल में



मेलबर्न। अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ मंगलवार को यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी मार्ता कोस्तयुक को 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल मुकाबले के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सर्विस पर और अपने फोरहैंड से संघर्ष करने के बावजूद गॉफ ने दो सेट प्वाइंट बचाए और शुरुआती सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीन घंटे और आठ मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में कोको गॉफ का मुकाबला गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता खिलाड़ी से होगा।

# पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए भारतीय मुक्ककेबाजी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप शिव थापा और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन सहित सात अन्य मुक्केबाज इटली के बस्टो अर्सिजियो में 29 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

थापा (63.5 किग्रा) और जैस्मीन (60 किग्रा) के अलावा, युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा), और 2023 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), और निशांत देव (71 किग्रा) को भी शामिल किया गया है, क्योंकि वे अपनी-अपनी श्रेणियों में पेरिस 2024 कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न प्रदर्शन मापदंडों के आधार पर उच्च प्रदर्शन इकाई ने आयोजित व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद खिलाड़ियों का चयन किया है।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव, हेमंत कुमार कलिता ने कहा,हमारा लक्ष्य 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत की भागीदारी को बढ़ाना है और इसे प्राप्त करने के लिए हमने पहले विश्व योग्यता टूर्नामेंट के लिए एक संपूर्ण और सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया शुरू की है, उच्च प्रदर्शन टीम ने एक विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया और मुक्केबाजों को दिए अंक के आधार पर मुक्केबाजों का चयन किया।

हमारा विश्वास और मानना है कि इन मुक्केबाजों में न केवल प्रतिस्पर्धा करने, बल्कि जीतने और ओलंपिक में प्रतिष्ठित स्थान हासिल करने की क्षमता है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने पेरिस 2024 के लिए पहले ही चार कोटा हासिल कर लिए हैं, जिसमें निखत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने एशियाई खेलों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में 50 ओलंपिक कोटा होंगे, जिनमें 22 महिला वर्ग में शामिल हैं, जबकि 23 मई से तीन जून तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले दूसरे विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए 45 से 51 मुक्केबाज क्वालीफाई करेंगे। जिन्होंने अपने महाद्वीपीय योग्यता टूर्नामेंट या पहले विश्व योग्यता टूर्नामेंट के माध्यम से किसी विशिष्ट भार वर्ग जगह नहीं बना पाये है वे प्रति वजन श्रेणी में एक एथलीट में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

## हमें परखा जाएगा और चुनौती मिलेगी : मक्कलम



हैदराबाद । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मक्कलम ने कहा कि हम खेल का आनंद उठाना चाहते हैं। मुकाबले में हमें परखा जाएगा, हमारे तौर तरीकों को चुनौती मिलेगी और दुनिया की नजरें हम पर होगी।

मक्कलम ने कहा, जाहिर तौर पर इसमें कोई छुपाने की बात नहीं है कि हम खेल का आनंद उठाना चाहते हैं और हम इस सोच को केवल क्रिकेट के मैदान तक ही सीमित नहीं रख रहे हैं। हमें हर टेस्ट मैच में गेंद के साथ 20 विकेट लेने हैं और उनसे एक रन अधिक बनाना है। हालांकि हमें परखा जाएगा, हमारे तौर तरीकों को चुनौती पेश की जाएगी लेकिन यह मुकाबला काफी मजेदार रहेगा।

हैदराबाद की पिच को लेकर मक्कलम ने कहा, यह अच्छी दिख रही है। इस पिच पर स्पिन अधिक होगा। हालांकि यह शायद शुरु से स्पिन को मदद ना करे लेकिन आगे चलकर स्पिनरों को जरुर मदद मिलेगी और मुझे लगता है कि पूरी श्रृखंला में स्पिन परिणाम निर्धारित करेगी। उन्होंने कहा, जब हम इस सफर पर निकले थे तब हमने यही सोचा था कि जितना संभव हो सके, हमें लोगों तक मनोरंजन पहुंचाना है। हमें यह लगा कि यह हमें बेहतर मौके भी दे सकता है। भारत में भारत के खिलाफ ऐसे कर पाना, इससे बढ़िया मंच और क्या होगा। दुनिया भर के कई हिस्सों की नजरें हमारे ऊपर होंगी और ऐसे में भारत हमारे लिए अवसरों की दुनिया है। उल्लेखनीय है कि ब्रैंडन मक्कलम की हैदराबाद से एक सुनहरी याद जुड़ी है। इसी मैदान पर मक्कलम ने नवंबर 2010 में दोहरा शतक लगाया था। मक्कलम की 225 रनों की पारी की बदौलत ही न्यूजीलैंड टेस्ट मैच ड्रॉ कराने में सफल हो पाया था।

### बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कर सम्मान, योगी ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कर से सम्मानित होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या यादव को खेल श्रेणी में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024' से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आपने अपनी खेल प्रतिभा और जीवटता से उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। आपकी यह उपलब्धि अनेकानेक बच्चों और युवाओं के लिए अप्रतिम प्रेरणा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। आदित्या जन्म से ही सुन-बोल नहीं पातीं। आदित्या के पिता दिग्विजयनाथ यादव एनई रेलवे में बैडमिंटन के कोच हैं। उन्होंने अपनी बेटी के लिए संघर्ष का रास्ता चुना और इसकी बदौलत महज 12 वर्ष की उम्र में उसने 2022 में देश के लिए ब्राजील डेफ ओलंपिक के टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## मेरी सफलता का पैमाना टेस्ट क्रिकेट रहेगा : जसप्रीत बुमराह

हैदराबाद। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उनके लिए हमेशा सफलता का पैमाना टेस्ट क्रिकेट ही रहेगा।

बुमराह ने ब्रिटिश डेली समाचार पत्र द गार्डियन से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में भाग्य का कोई खेल नहीं होता, यहां बेहतर टीम ही जीत हासिल करती है। आपको भाग्य के सहारे 20 विकेट नहीं मिल सकते।

केवल व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलकर मैं कभी भी संतुष्ट नहीं रहने वाला था, टेस्ट क्रिकेट का दर्जा मेरे लिए सबसे ऊपर है।

तेज गेंदबाज ने कहा, मैं जिस दौर का हूं उस समय के लोगों के लिए टेस्ट क्रिकेट की अहमियत कही अधिक है और मैं हमेशा ही अपने प्रदर्शन को परखने के लिए टेस्ट क्रिकेट को ही आधार बनाऊंगा। हां, मैंने आईपीएल से शुरुआत की थी, लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट के जरिए ही मैंने गेंदबाजी सीखी। उन्होंने कहा, बैजबॉल की अवधारणा से मैं स्वयं को जोड़ नहीं पाता लेकिन वे इस समय इस तरह की क्रिकेट खेलकर अधिक सफल हैं और दुनिया को यह बता रहे हैं कि इस तरह से भी टेस्ट क्रिकेट खेली जा सकती है।

लेकिन इसके साथ ही एक गेंदबाज के तौर पर मुझे यही लगता है कि इस शैली की क्रिकेट मुझे गेम में बनाए रखती है। एक गेंदबाज के तौर पर मैं हमेशा यही सोचता हूं कि कैसे किसी चीज का फायदा उठाया जाए। उन्हें शुभकामनाएं, लेकिन एक गेंदबाज के तौर पर आप गेम में बने रहते हैं।

अनुभवी तेज गेंदबाज बुमराह 32 टेस्ट मैच खेले हैं। हालांकि 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरु होने वाला टेस्ट मैच घर पर उनका पांचवां टेस्ट मैच ही होगा।

उल्लेखनीय है कि बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेले गए दो टेस्ट में कुल 12 विकेट लिए थे। केपटाउन टेस्ट में उन्होंने 61 रन देकर छह विकेट भी चटकाए थे। पिछली बार जब इंग्लैंड ने भारत का दौरा किया था तब बुमराह ने चार टेस्ट में से दो मैच ही खेले थे और 48 ओवर की गेंदबाजी की थी।




# श्रीलंका ने चीनी जहाज को घुसने नहीं दिया

## अब मालदीव की ओर बढ़ रहा, भारत की जासूसी का शक; नौसेना सतर्क

हिंद महासागर में चीन का दखल बढ़ता जा रहा है। इससे भारत की चिंता बढ़ रही है। इस बीच चीन का एक जासूसी जहाज मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। यह मालदीव की राजधानी माले के बंदरगाह पहुंचेगा। हालांकि इसके पहुंचने की तारीख के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। कयास लगाया जा रहा है कि यह फरवरी के पहले हफ्ते में माले पहुंच सकता है।



भारतीय नौसेना इसके मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा- चीन का खुफिया जहाज जियांग यांग होंग 03 इंडोनेशिया के सुंडा स्ट्रेट से होते हुए हिंद महासागर में घुसा और अब मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। यह मालदीव इसलिए जा रहा है, क्योंकि श्रीलंका ने इसे अपने किसी भी बंदरगाह पर रुकने की इजाजत नहीं दी।

चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 इसके पहले 2019 और 2020 में मालदीव के माले में लंगर डाल चुका है। इसे बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में भी देखा जा चुका है, जिसके बाद भारत को जासूसी का खतरा बढ़ता नजर आया।

### भारत की चिंता की एक वजह मालदीव के साथ बिगड़ते रिश्ते

चीनी जहाज का मालदीव पहुंचना ऐसे समय हो रहा है जब एक तरफ भारत-मालदीव के रिश्तों में खटास और चीन-मालदीव के रिश्तों में नजदीकियां देखी जा रही है।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने 8-12 जनवरी को चीन का दौरा किया था। वहां से लौटने के बाद उन्होंने चीन की तारीफ की थी।

कहा था- चीन हमारे आंतरिक मसलों में दखल नहीं देता। उन्होंने यह भी कहा था कि हमारा देश छोटा है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं की किसी को हमें धमकाने का लाइसेंस मिल गया है।

15 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ ली थी। इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है।

दरअसल, मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी चुनावी कैंपेन में इंडिया आउट का नारा दिया। उन्होंने सत्ता में आने के बाद मालदीव में मौजूद भारत के सैनिकों को निकाल लेने के आदेश दिए। भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट खत्म करने की घोषणा की। इसके बाद मालदीव के दो मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप विजिट को लेकर उनके और भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।

### चीन खुफिया जहाज को रिसर्च शिप कहता है

चीन के पास कई जासूसी जहाज हैं। वो भले ही कहता हो कि वो इन शिप का इस्तेमाल रिसर्च के लिए करता है, लेकिन इनमें पावरफुल मिलिट्री सर्विलांस सिस्टम होते हैं। मालदीव और श्रीलंकाई बंदरगाह पर पहुंचने वाले चीनी जहाजों की जद में आंध्रप्रदेश, केरल और तमिलनाडु के कई समुद्री तट आ जाते हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि चीन ने भारत के मुख्य नौसेना बेस और परमाणु संयंत्रों की जासूसी के लिए इस जहाज को श्रीलंका भेजा है। चीन के जासूसी जहाजों में हाई-टेक ईव्सड्रॉपिंग इक्विपमेंट (छिपकर सुनने वाले उपकरण) लगे हैं। यानी श्रीलंका के पोर्ट पर खड़े होकर यह भारत के अंदरूनी हिस्सों तक की जानकारी जुटा सकता है।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

ओटावा । कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के उत्तर-पश्चिम में एक निजी हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। सीटीवी समाचार प्रसारक ने विमान का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी नॉर्दर्न एस्केप हेली स्कीइंग की ओर से सोमवार रात जारी एक बयान के हवाले से यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, नॉर्दर्न एस्केप पुष्टि कर सकता है कि इसमें तीन मौतें हुई हैं और अतिरिक्त जानकारी मिलने पर विस्तृत ब्योरा प्रदान किया जाएगा। इस समय, नॉर्दर्न एस्केप हेली-स्कीइंग का ध्यान दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों को सहायता और समर्थन प्रदान करने पर केंद्रित है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं ने प्रसारक को बताया कि तीन एयर एम्बुलेंस और पांच एम्बुलेंस वाहन घटनास्थल पर भेजे गए हैं। प्रसारक ने बताया कि पैरामेडिक्स चार लोगों को गंभीर हालत में टेरेस शहर के मिल्स मेमोरियल अस्पताल ले गये हैं। नॉर्दर्न एस्केप के अध्यक्ष जॉन फॉरेस्ट ने कहा, जो गहरा दुख हमने महसूस किया है और जो दुख हमारे मेहमानों और हमारे कर्मचारियों ने साझा किया है।

### टेलर स्विफ्ट का पीछा करने वाला गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट का पीछा करने के आरोप में न्यूयॉर्क स्थित उनके घर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सिएटल के 33 वर्षीय डेविड क्रो को शिकायत के बाद सोमवार को गिरफ्तार किया गया। बीबीसी न्यूज के मुताबिक न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने कहा कि डेविड पर उत्पीड़न और पीछा करने के आरोप लगाए गए हैं। यह घटना पिछले वर्ष अगस्त में स्विफ्ट के घर में सेंध लगाने असफल प्रयास के बाद हुई है ।उस समय गायिका अपने एनएफएल खिलाड़ी प्रेमी ट्रैविस केल्से का समर्थन करने के लिए घर से दूर थी क्योंकि उनकी टीम कैनसस सिटी चीफ्स ने बफेलो बिल्स खेला था। टेलर उन लोगों से त्रस्त हैं जो उसके न्यूयॉर्क स्थित घर और कैलिफ़ोर्निया तथा रोड आइलैंड में उसके अन्य घरों को निशाना बना रहे हैं। वर्ष 2022 में एक व्यक्ति को ग्रैमी विजेता की न्यूयॉर्क बिल्डिंग में नशे में कार चलाने और कथित तौर पर प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### न्यू हैम्पशायर में हुए मतदान से ट्रंप-हेली के बीच टकराव की स्थिति

डिक्सविले नॉच। वर्ष 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के तहत न्यू हैम्पशायर प्राइमरी मतदान मंगलवार को डिक्सविले नॉच के दूरदराज के समुदाय में पहले मतपत्रों के साथ शुरू हुआ जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व अमेरिकी डेमोक्रेट निक्की हेली के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गयी। पिछले सप्ताह आयोवा रिपब्लिकन कॉकस चुनाव नें आसानी से जीत हासिल करने वाले ट्रम्प को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत रहीं दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली से न्यू हैम्पशायर में नज़दीकी से देखे गए प्रदर्शन में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। न्यू हैम्पशायर के उत्तरी भाग में स्थित और कनाडाई सीमा के करीब स्थित डिक्सविले नॉच में केवल छह पंजीकृत मतदाता हैं और उन सभी ने दशकों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए आधी रात के बाद मतदान किया। राज्य में अन्य पोल दिन में घंटों बाद खुलेंगे और शाम को बंद हो जाएंगे।

### द कोरिया में आग से 227 दुकानें जलकर खाक

सोल । दक्षिण कोरिया के सेचोन काउंटी में समुद्री उत्पादों के बाजार में आग लगने से 227 दुकानें जलकर खाक हो गईं, हालांकि किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है। योनहाप समाचार एजेंसी ने अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक घटना राजधानी सोल से लगभग 170 किमी दक्षिण में सेचोन काउंटी के पारंपरिक समुद्री उत्पाद बाज़ार में सोमवार रात को स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे हुई। तेज़ हवा और बाज़ार में भीड़ के बीच अग्निशामकों को आग बुझाने में कठिनाई होने के बावजूद लगभग नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया । अधिकारियों ने बताया कि बाजार की 292 दुकानों में से 227 जलकर खाक हो गईं, हालांकि आग की लपटें रेस्तरां और कृषि उत्पादों की दुकानों वाली अतिरिक्त इमारत तक नहीं फैलीं।

# अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती शिविरों पर हवाई हमले शुरू किए

सना। (पी एम ए) अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन ने आधी रात को यमन की राजधानी और अन्य प्रांतों में हूती शिविरों पर हमला किया। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हमलों में पूर्वी सना में अल-हफ़ा शिविर और उत्तर में अल-दयालामी हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने अल-बायदा के मध्य प्रांत के एक शहर राडा और दक्षिण-पश्चिमी प्रांत ताइज़ के मकबाना क्षेत्र में भी कुछ स्थानों को निशाना बनाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निवासियों ने कहा कि विस्फोट शक्तिशाली थे और उनकी आवाज पूरे शहर में सुनी जा सकती थी ।इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन ने सोमवार देर रात यमन में हूती ठिकानों पर हमले किए, जो केवल 10 दिन में विद्रोहियों के शिविरों पर हमलों का आठवाँ दौर है ।ये हमले हूती द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद हुए कि उन्होंने सोमवार को अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी सैन्य जहाज पर मिसाइल हमला किया और सीधे हमले का दावा किया। अमेरिकी पक्ष ने कथित हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की ।लाल सागर में अमेरिका-ब्रिटेन समुद्री गठबंधन ने यमन के विभिन्न उत्तरी प्रांतों में हूती शिविरों पर कई हवाई हमले किए हैं। गठबंधन ने कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य हूती समूह को लाल सागर शिपिंग लेन में वाणिज्यिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू करने से रोकना है ।हूती समूह ने लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को तब तक निशाना बनाना जारी रखने की कसम खाई जब तक कि इज़रायल फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पर अपना युद्ध और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता ।पिछले सप्ताह, अमेरिका ने हूती समूह को वैश्विक आतंकवादी संगठन के रूप में फिर से नामित किया और कहा कि इस कदम से उत्तरी यमन में भोजन और दवा की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

### गाजा संघर्ष में 25 हजार नागरिकों के मारे जाने की सूचना

संयुक्त राष्ट्र। गाजा में इजरायली हमले और इजरायल पर फिलिस्तीनी रॉकेट हमले सोमवार को भी जारी रहे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवीय रिपोर्ट में सात अक्टूबर को युद्ध की शुरुआत के बाद से एन्क्लेव में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की बात कही गई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के कार्यालय ने बताया कि इजरायली हमलों के कारण 62,681 फिलिस्तीनियों को चोटें आई हैं। ये हमले इज़रायल में हमास के नेतृत्व वाले हमलों के जवाब में है। इन हमलों में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 बंधक बना लिये गए थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
बुधवार 24 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

# यूपी दिवस पर वैज्ञानिक डॉ. ऋतु और उद्यमी नवीन को यूपी गौरव से सम्मानित करेगी योगी सरकार

## लखनऊ की वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव ने चंद्रयान मिशन में निभाई थी अहम भूमिका

लखनऊ। योगी सरकार यूपी दिवस पर विश्व पटल पर उत्तर प्रदेश का नाम रौशन करने वाली दो विभूतियों को सम्मानित करेगी। योगी सरकार इन विभूतियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित करेगी। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए समिति द्वारा लखनऊ की मिशन निदेशक के रूप में चंद्रयान मिशन में अहम भूमिका निभाने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और फोर्ब्स, फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छाए रहने वाले कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी का चयन किया गया। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए चयनित वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। मंगलयान इसरो की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक था। इसने भारत को मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना दिया था। डॉ. ऋतु करीधल ने लखनऊ विश्वविद्यालय से भौतिकी में अपनी बीएससी पूरी की। वह छह महीने तक लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध छात्रा रही हैं। उन्हें वार्षिक दीक्षांत समारोह 2019 के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा डीएससी की मानद उपाधि (मानद डॉक्टरेट) से सम्मानित किया गया है। करीधल 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए वह आईआईएससी, बैंगलोर में भी रही हैं।

### कानुपर के उद्यमी नवीन ने दिये दो यूनिकॉर्न

फोर्ब्स और फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छपने वाले कानुपर के नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश और भारत को दुनिया में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने दो यूनिकॉर्न बनाए और भारत को अपना पहला यूनिकॉर्न दिया। उन्होंने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उत्तर प्रदेश और भारत के स्थानीय व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जोड़ता है। उनका लॉक स्क्रीन सॉफ्टवेयर वैश्विक स्तर पर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है। उद्यमी नवीन ने भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने के साथ ही 26 देशों में उपस्थिति दर्ज की है। साथ 3000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जबकि हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है।


# अयोध्या से लेकर मुम्बई सहित दुनियाभर में बज रहा है हिंदुत्व का डंका




22 जनवरी को हिंदुत्व के सबसे बड़े तीर्थस्थल के रूप में उभरकर सामने आए अयोध्याधाम ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। इस मौक़े पर देश भर से आये साधु संत, कला, व्यापार और खेल सहित तमाम क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने हिंदुत्व के इस लहराते परचम के आगे नतमस्तक होकर नमन किया। इसी हिंदुत्व की बात करते हुए इसके एक अलग पक्ष से युवाओं के दिलों के स्पंदन को महसूस कराने मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म हिंदुत्व नाम से फ़िल्म लेकर आया है। इस हिंदुत्व में किशोरवय को प्राप्त एक ऐसी युवती की कहानी कही गई है जो अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य जगत की चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है। इसको समझाने के लिए एक युवा जो धर्मनिष्ठ भी है और शिक्षित भी है वो अपने शिक्षण स्थल से ही इस हिंदुत्व के अलख को जगाता है और आखिर में युवती को उसकी असलियत से रूबरू कराकर हिंदुत्व के असली रूप से दर्शन कराता है।

## शार्ट न्यूज

### चौदह वर्षीय संसेशन रेगो बी ने अनोखा श्रद्धांजलि गीत राम धुन गाओ जारी किया




प्रतिभा और समर्पण के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में 14 वर्षीय गायन सनसनी रेगो बी ने अपनी नवीनतम रचना, राम धुन गाओ का अनावरण किया है, जो अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। रेगो बी ने न केवल ट्रैक को अपनी भावपूर्ण आवाज दी, बल्कि गिटार भी बजाया और अपनी बहुमुखी संगीत क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए पूरे गाने को प्रोग्राम किया। रेगो बी की संगीत यात्रा आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। छोटी उम्र से ही, उन्होंने राम और हनुमान भक्त के रूप में अपनी भक्ति से प्रेरणा लेते हुए, हनुमान जी के श्लोकों और गणेश वंदना को गाने में खुद को व्यस्त कर लिया। उनकी संगीत की नींव प्राचीन श्लोकों और मंत्रों से गायन की शिक्षा के साथ रखी गई थी, जो उनकी आध्यात्मिक जड़ों से एक अद्वितीय और गहरा संबंध दर्शाता है। राम धुन गाओ दुनिया भर के सभी गौरवान्वित भारतीयों के लिए एक समर्पण है। रेगो बी का दृष्टिकोण अपने संगीत के माध्यम से आध्यात्मिकता के सार को फैलाना है, जिससे श्रोताओं को गहन स्तर पर जोड़ा जा सके।

### सुरभि शुक्ला की टीवी पर धमाकेदार वापसी



नज़र से ओझल मतलब दिमाग से ओझल, यह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सबसे बड़ा सच है और टीवी से दूर रहना किसी भी एक्टर के लिए बड़ा रिस्क है. लेकिन, सुरभि शुक्ला ने ग्रोथ के लिए यह जोखिम उठाया। और अब, वह स्टार भारत पर अपने नवीनतम शो शैतानी रस्में के साथ चार साल बाद टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। किस वजह ने सुरभि शुक्ला को टेलीविजन से दूर रखा, इसका खुलासा करते हुए उन्होंने स्वीकार किया के, मुझे पता है कि लंबे समय तक स्क्रीन से दूर रहना बड़ा जोखिम है, खासकर जब हर रोज नए चेहरे सुर्खियां बटोर रहे हों। लेकिन, मैं हमेशा से साऊथ की कुछ फिल्में करना चाहती थी और इसके लिए मुझे कुछ समय मिल गया था। 2019 के बाद कोविड के दौरान हमारी इंडस्ट्री मंदी के दौर से गुजर रही थी और कई एक्टर्स को काम के ज्यादा मौके नहीं मिल रहे थे. इसलिए, मैंने अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आकर साऊथ की फिल्मों में ट्राई करने का फैसला किया। सौभाग्य से, मुझे दो फिल्में मिलीं, एक का नाम रानी है और दूसरे का शीर्षक अभी घोषित नहीं किया गया है। मैं दोनों फिल्मों की पहले ही शूटिंग कर चुकी हूं और किसी अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही थी।

### प्रथम विश्वयुद्ध के नायक राइफलमैन गब्बर सिंह नेगी की वीरता और बलिदान पर आधारित



मुंबई। निर्देशक-अभिनेता अविनाश ध्यानी की फ़िल्म वीसी 571 का पहला लुक जारी किया है। प्रथम विश्व युद्ध में अपने कौशल का पराक्रम दिखाने वाले गब्बर सिंह नेगी की जीवन पर आधारित वीसी 571 में प्रथम विश्व युद्ध के राइफलमैन गब्बर सिंह नेगी की वीरता और बलिदान को दिखाया है। यह फिल्म एक एक्शन-वॉर ड्रामा है। इस फिल्म में प्रथम विश्व युद्ध में वीरगति प्राप्त, बलिदान देने वाले शूरवीर वीरों को दर्शाया गया है। दर्शकों को फ़िल्म में रोमांच से भरा कथानक देखने को मिलेगा। यूरोप की धरती पर लड़े गए 1914 के प्रथम विश्व युद्ध की वीरता पूर्ण प्रदर्शन के बाद से गढ़वाल राइफल को रॉयल गढ़वाल राइफल की उपाधि से सम्मानित किया। इस युद्ध के बाद अंग्रेजो द्वारा गोरखा और पहाड़ी (गढ़वाल) सैनिकों को मार्शल स्तर के सैनिक का सम्मान दिया जाना शुरू हो गया। अविनाश ध्यानी पहले भी भारत चीन के 1962 के युद्ध पर आधारित 72 Hours: Martyr Who Never Died का निर्देशन और मुख्य नायक की भूमिका निभा चुके हैं और फ़िल्म को दर्शकों द्वारा बहुत पसंद किया गया था

### दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का हुआ वितरण

बलिया। (पीएमए) द्विव्यांगजनों को नए वर्ष की सौगात मगंलवार को विकास खण्ड हनुमानगंज के परिसर में सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के द्वारा नए वर्ष की शुभकामनाओं एवं सौगात के रूप में जनपद के 64 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल 05 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, 10 दिव्यांगजनों को कान की मशीन, 06 दिव्यांगजनों को स्मार्ट केन् (छड़ी) प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में श्री हर्ष सिंहप्रतिनिधि मा0परिवहन मंत्री उ0प्र0, श्री राजेश सिंह प्रतिनिधि मा0विधायक बासडीह, श्री रितिक कुमार प्रतिनिधि मा0ब्लाक प्रमुख हनुमानगंज, श्री गजेन्द्र प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी हनुमानगंज, श्री ए0के0 गौतम जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं उनके समस्त स्टाफ तथा स्वैच्छिक संस्था समाजिक उत्थान समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 4 क्रय केन्द्र पर गेहूँ की खरीद प्रारम्भ होगी

वाराणसी। (पीएमए) न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद में 15 मार्च से गेहूँ की खरीद प्रारम्भ होगी। गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0 2275.00 प्रति कुन्तल है, जो गतवर्ष से रू0 150.00 अधिक है। उक्त जानकारी देते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती ने बताया कि जनपद वाराणसी में खाद्य विभाग के 12 पी0सी0 एफ0 के 18 पी0सी0यू0 02 भा0खा0नि0 के 02 कुल 34 गेहूँ क्रय केन्द्र का अनुमोदन जिलाधिकारी द्वारा किया गया है। जनपद का गेहूँ क्रय लक्ष्य 18000.00 मी0टन है। गेहूँ की खरीद केवल पंजीकृत किसानो से की जायेगी। गेहूँ विक्रय हेतु किसानों के पंजीकरण विगत 01 जनवरी से प्रारम्भ हो गया है। जिन किसान भाईयो द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है उन किसान भाईयों को केवल अपना पंजिकरण अपडेट करना होगा। जनपद के कय केन्द्र प्रभारियों को प्रतिदिन 10 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया है। जनपद में अब तक कुल 65 किसानों का पंजीकरण कराया जा चुका है।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी

गोरखपुर। (पीएमए) अपर जिलाधिकारी नगर गोरखपुर की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन, बाल श्रम टास्क फोर्स, बंधुआ श्रमिक सतर्कता समिति एवं जिला श्रम बंधू समिति गोरखपुर की संयुक्त बैठक मंगलवार को विकास भवन के सभागार कक्ष में आहूत की गयी जिसमें बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 मे अभी तक 77 बच्चें को उनके खाते में आर्थिक सहायता की धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। श्रम आयुक्त उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में बैठक में उपस्थित दो लाभार्थी श्री सानिध्य पाण्डेय को रू0 16000-00 एवं श्री आराध्य पाण्डेय को रू0 14000-00 अपर जिलाधिकारी नगर के द्वारा लाभ वितरण प्रमाण पत्र वितरित कराया गया।

## निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन

आजमगढ़। (पी एम ए) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष अर्हता दिनांक अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2024 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदेय स्थलों पर संबंधित भाग की निर्वाचक नामावलियां एक सप्ताह के लिए जन सामान्य के निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होने बताया कि जनपद आजमगढ़ में आलेख्य प्रकाशन दिनांक 27 अक्टूबर 2023 के समय 3635436 वोटर का नाम मतदाता सूची में शामिल था तथा जेण्डर रेसिया 897 था एवं 23 जनवरी 2024 को अन्तिम आलेख्य प्रकाशन के समय 3676053 वोटर का नाम मतदाता सूची में शामिल हो गया है तथा वर्तमान में जेण्डर रेसिया 901 है। इसी के साथ ही 27 अक्टूबर 2023 को आलेख्य प्रकाशन के समय 18-19 आयुवर्ग के 7583 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हुआ तथा वर्तमान पुनरीक्षण अवधि में 18-19 आयुवर्ग के 28663 मतदाता बढ़े हैं तथा अन्तिम प्रकाशन की सूची में 18-19 आयुवर्ग के कुल 36246 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हुआ है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के अनुसार रेण्डर रेसिया 1017 है, राज्य का ईपी रेसिया 60.93 प्रतिशत, आलेख्य प्रकाशन के समय निर्वाचक नामावली में जनपद का ईपी रेसिया 66.04 प्रतिशत, वर्तमान समय में ईपी रेसिया 66.80 प्रतिशत है।

## 24 जनवरी को मलिकपूरा पी. जी. कॉलेज गाजीपुर मे वितरण किया जयेगा स्मार्टफोन

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपुरा मे टैबलेट/स्मार्टफोन नोडल अधिकारी श्री प्रवेश कुमार जायसवाल ने सूचना दी कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण दिनांक 24/01/2024 को किया जाएगा। आगे वे बताते हैं कि इस टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी नायब तहसीलदार जखनियां के सानिध्य में व प्राचार्य प्रोफेसर श्री दिवाकर सिंह और महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति में यह वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

# मंत्री व एमएलसी ने निराश्रितो को बाटे कंबल



वाराणसी। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' एवं एमएलसी व जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को निराश्रितों को कंबल वितरण किये।

इन लोगो ने रोहनिया विधानसभा के सुजाबाद वार्ड के श्रीप्रकाश वाटिका डोमरी में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में रिन्यू सीएसआर संस्था द्वारा कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर रिन्यू संस्था की तरफ से संदीप चौरसिया, जिला मंत्री रौनी वर्मा, शिवानंद राय पार्षद, मंत्री के पीआरओ गौरव राठी, शांति देवी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल पटेल, मालू पटेल, लोचन विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव, बबलू, नाथू पटेल, छोटेलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र केसरी, विनोद सोनकर, प्रदीप पटेल आदि लोग उपस्थित हैं। इसी तरह से कंचनपुर में वसुंधरा कुटुंब सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नेवादा वार्ड के सफाई कर्मियों को एमएलसी व जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा व वसुंधरा कुटुंब सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य द्वारा कंबल वितरण किया गया। जिसमें नेवादा वार्ड के पार्षद विनीत सिंह, मंडल अध्यक्ष मिलन मौर्य, राजू प्रजापति, अजय विश्वकर्मा, मनीष कलरा, अजय पाल, राजेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान

## जिलाधिकारी, चंदौली पालीटेक्निक परिसर में मानव श्रृंखला बना कर दिलायी गई शपथ

चंदौली। (पी एम ए) नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे द्वारा चंदौली पालीटेक्निक परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा शपथ भी लोगों को दिलाई गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन कराने और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जन-सामान्य के साथ-साथ युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि जो शपथ ली है उसका स्वयं पालन करें और अपने माता-पिता व परिवार की सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ ही दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन प्रभारी अधिकारी एआरटीओ/पीटीओ सूर्य प्रताप द्वारा किया गया साथ ही इस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म दिवस के अवसर पर स्वाधीनता, संघर्ष एवं उनके जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

इस दौरान यातायात जागरूकता के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर यातायात प्रभारी सुरेन्द्र कुमार यादव द्वारा भी ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## गैर इरादतन हत्या के मुकदमे के वाछिंत दो अभियुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी मडियाहुँ के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को मु0अ0सं0 08/24 धारा 323/304 आईपीसी के वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 अजय कुमार शर्मा द्वारा मय टीम के गोपालापुर मोड के पास चैकिंग की जा रही थी कि मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्तगण 1.राम दुलार यादव पुत्र स्व0 अमरनाथ यादव निवासी फत्तनपुर थाना रामपुर जौनपुर 2. संतोष कुमार यादव उर्फ भोदू पुत्र स्व0 सीताराम यादव निवासी पुरेदयाल थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुये गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

## मतदाता सूची हुई प्रकाशित, जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 29 लाख के पार: डीएम

गाजीपुर। (पी एम ए) जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मंगलवार 23 जनवरी से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची को देखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय संबंधित तहसील कार्यालयों तथा मतदेय स्थलों पर जनसामान्य के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगा। उन्होने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद के सातों विधानसभाओं में कल 29 लाख 23 हजार 32 मतदाता पंजिकृत है। जिसमे 15 लाख 41 हजार 992 पुरुष्मतदाता, और 13 लाख 80 हजार 955 महिला मतदाता और 85 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। उन्होने बताया कि 27 अक्टूबर 2023 से सात जनवरी 2024 तक चले इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के कुल दो लाख 32 हजार 35 आपत्तियां प्राप्?त हुई। जिसमे 18 से 19 वर्ष के 44 हजार 345 युवा मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। वर्तमान पुनरीक्षण अवधि में पुरुष 64003, महिला 81413 तथा थर्ड जेंडर 7 नाम शामि किये हैं तथा 32119 पुरुष मतदाता, 27972 महिला, थर्ड जेंडर 11 मतदाता कुल 60102 मतदाताओं का नाम अब मार्जित किये गये हैं। जिसमे मृतक 25491, शिफ्टेड 18932 एवं रिपिटेड 14610 मतदाता शामिल हैं।

# बल्नरेबल बूथ पर विशेष ध्यान दें : जिलाधिकारी

आजमगढ़। (पी एम ए) जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत लोकसभा क्षेत्र 68-लालगंज के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उन्होने लोकसभा क्षेत्र 68-लालगंज के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि वल्नरेबल बूथों की मैपिंग एवं समस्त बूथों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक समस्त व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी कम से कम 10 से 12 बूथों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि संबंधित बूथों के क्षेत्रों के सम्भ्रान्त लोगों से समन्वय स्थापित कर वहां की मूल स्थिति का जायजा लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में सम्पन्न हुए चुनावों में पोलिंग प्रतिशत को चेक करें, यदि किसी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत प्रतिशत है तो उसके कारण पता लगायें। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में वल्नरेबल बूथ है तो उस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि समस्त बूथों पर रैंप, शौचालय, विद्युत एवं रोड आदि का निरीक्षण करते हुए एआरओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का उद्देश्य जनपद में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथों का बैकग्राउंड चेक करें तथा पुलिस विभाग में की गई शिकायतों का अवलोकन करते हुए खुराफाती एवं प्रशासन के सहयोगी पक्ष का पता कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के समस्त निर्देशों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बृजेश श्रीवास्तव, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिलेट्स रेसीपी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 28 जनवरी को : सीडीओ

## शहर के वंदन गार्डन में 10 बजे से होगी मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता, कृषि विभाग ने शुरू की तैयारियां

लखीमपुर खीरी। (पीएमए) खीरी जिले में श्री अन्न के उपयोग उसके महत्व के संबंध में जागरूक करने, कृषकों और कृषक उत्पादक संगठन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 28 जनवरी को प्रात: 11 बजे से होगा। उक्त आशय की जानकारी सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दी।

सीडीओ ने बताया कि मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों को तैयार करने वाले शेफ के मध्य, मिलेट्स के गुणों के बारे में जानकारी रखने वालों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम में जनपद के प्रतिष्ठित होटल, रेस्टोरेन्ट, कैफे कैन्टीन तथा फूड ज्वांइट्स आदि का सहयोग प्राप्त किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए मिलेट्स पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा मिलेट्स पहचानना, मिलेट्स के पोषक तत्व, निबंध लेखन, क्विज, प्रोजेक्ट वर्क आदि का आयोजन भी होगा।

सीडीओ ने डीआईओएस और बीएसए को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर मिलेट्स के विकास के लिए हो रहे विभिन्न मेलों-कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय के बच्चों को अवश्य भ्रमण करवाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी श्री अन्न रेसिपी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में कृषक उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह छात्रों-छात्राओं, होटल, रेस्टोरेन्ट को प्रतिभाग कराया जाना सुनिश्चित करें।समस्त सम्बन्धित अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित प्रतियोगियों की सूचना 24 जनवरी तक कार्यालय डीडी कृषि को उपलब्ध कराकर कार्यक्रम में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

### प्रतियोगिता में सम्मिलित विभिन्न श्रेणी प्रतियोगिता वर्ग

पेन्टिंग प्रतियोगिता (वर्ग-1) : इण्टरमीडिएट और स्नातक की कक्षाओं के छात्र एवं छात्रायें। श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ की प्रतियोगिता (वर्ग-2) = महाविद्यालयों के गृह विज्ञान के छात्र छात्राओं के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, कृषक उत्पादक संगठनों के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, स्वयं सहायता समूहों के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, व्यक्तिगत प्रतिभागियों द्वारा श्री अन्न से तैयार किया भोज्य पदार्थ होटल, रेस्टोरेन्ट द्वारा श्री अन्न से तैयार किए गए भोज्य पदार्थ।

## दिव्यांग आदेश के लिए आशा की किरण बना जनता दर्शन, डीएम ने दिलाई नई ट्राई साइकिल

लखीमपुर खीरी। (पीएमए) दुखी मन से डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे दिव्यांग आदेश कुमार को जैसे मनमांगी मुराद मिल गई। भविष्य के सपने संजोते हुए वह मुस्कराते वापस लौटे। आदेश कुमार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नई हाथ साइकिल दिलवाकर उनकी कई परेशानियों का निदान कर दिया। मंगलवार की सुबह तहसील, ब्लॉक मितौली के ग्राम उसरी निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग आदेश कुमार जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर ट्राई साइकिल प्रदान किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। इस पर डीएम ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर को बुलाकर उसकी पात्रता का परीक्षण कराने के बाद जनता दर्शन के दौरान ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की ओर से उन्हें नई हाथ साइकिल दी गई। इस दौरान उन्होंने कंबल भी प्रदान किया।

# जागरूक मतदाता लोकतंत्र की नींव : डीएम

देवरिया। (पीएमए) भारत रत्न सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के अवसर पर आज स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया। छात्रों, महिलाओं एवं जागरूक नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान और सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने भारत रत्न सुभाष चन्द्र बोस जी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा मतदाता जागरूकता एवं सडक सुरक्षा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने मतदान तथा यातायात नियमों की शपथ भी दिलायी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जागरूक मतदाता लोकतंत्र की नींव है। प्रत्येक मतदाता को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। इस वर्ष लोकसभा के आम चुनाव होना प्रस्तावित है। ऐसे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जनपद में 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। जिलाधिकारी ने सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु को कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि सभी को यातायात नियमों के पालन के साथ ही प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चें व युवा देश के भविष्य है, ये सीखेगें तो आगे भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं वह पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनाए। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं।

ड्राइविंग के नियमों का पालन करें। तेज रफ्तार वाहन न चलाएं और गलत दिशा में भी वाहन न चलाएं।